संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -337 मंगलवार,10 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 का ऐलान

## छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को होगा चुनाव,मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव

**नई दिल्ली,09 अक्टूबर 2023(ए)।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि मिजोरम में सबसे पहले चुनाव करवाए जाएंगे. मिजोरम में 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. इसके अलावा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे.

17 अक्टूबर को जारी होगी वोटिंग लिस्ट मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि पांच राज्यों में 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता हैं. उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को वोटिंग लिस्ट जारी होगी, 23 अक्टूबर तक वोटिंग लिस्ट में सुधार का मौका मिलेगा.

### 60 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि किस राज्य में कितने लोग वोट डालने वाले हैं. उन्होंने बताया कि इस बार 60 लाख युवा वोटर्स पहली बार वोट डालने वाले हैं. मिजोरम में कुल मिलाकर 8.52 लाख वोटर्स हैं. छत्तीसगढ़ में 2.03 करोड़, मध्य प्रदेश में 5.6 करोड़, राजस्थान में 5.25 करोड़ और तेलंगाना में 3.17 करोड़ वोटर्स हैं.




मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि 5 चुनावी राज्यों में हमने 40 दिनों में प्रवर्तन एजेंसियों से बात की गई. सीईसी राजीव कुमार ने बताया, 17 भी वोटर लिस्ट से संबंधित कोई भी बदलाव कराना है, करा सकता है. ये पोलिंग बूथ 2 किलोमीटर से दूर नहीं होगा. 31 अक्टूबर तक पार्टियों को चंदे की जानकारी देनी होगी. तभी इनकम टैक्स में छूट मिलेगी.

### बुजुर्ग लोगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी.

5 राज्यों में 940 चेकपोस्ट बनाए जाएंगे. इन्हें राज्य पुलिस और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां संभालेंगी.

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने बताया, चुनाव आयोग ने सभी 5 राज्यों का दौरा किया और सभी राज्यों की राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की. इसके अलावा सरकारी एजेंसियों, राज्य सरकारों के साथ बैठकें कीं. हमने राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की. उनके सुझाव और फीडबैक लिए.

मिजोरम का कार्यकाल दिसंबर 2023 में खत्म हो रहा है. बाकी राज्यों का कार्यकाल जनवरी 2024 में कार्यकाल खत्म हो रहा है. इन 5 राज्यों में 679 विधानसभा सीटें हैं. इन राज्यों में 16.14 करोड़ से ज्यादा वोटर हैं. इनमें से 8.2 करोड़ मेल और 7.8 करोड़ फीमेल वोटर हैं. इन राज्यों में 60.2 लाख ऐसे वोटर हैं, जो पहली बार वोट करेंगे।

### 8000 से ज्यादा पोलिंग स्टेशन पर तैनात होंगी महिलाएं

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 17,734 मॉडल पोलिंग स्टेशन, 621 पोलिंग स्टेशन के प्रबंधन का जिम्मा पीडब्ल्यूडी स्टाफ के पास होगा. 8,192 पोलिंग स्टेशन का जिम्मा महिलाएं संभालने वाली हैं।

चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पांच राज्यों के 679 विधानसभा सीटों में 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे.

17 अक्टूबर को जारी होगी वोटिंग लिस्ट मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया है कि पांच राज्यों में 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता हैं. उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को वोटिंग लिस्ट जारी होगी, 23 अक्टूबर तक वोटिंग लिस्ट में सुधार का मौका मिलेगा.

# आयकर छापे में 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति मिली

**जयपुर ,09 अक्टूबर 2023(ए)।** राजस्थान के उदयपुर शहर में रियल एस्टेट कारोबारियों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है।

अधिकारियों के मुताबिक विभाग की टीमों ने कारोबारियों के घरों और अन्य ठिकानों से संपत्ति से जुड़े अहम दस्तावेज जुटाए हैं। इसके अलावा तीन रियल एस्टेट कंपनियों और उनके सहयोगियों के दफ्तरों और घरों से करीब 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति मिली है। हालांकि, आयकर विभाग के अधिकारियों ने ब्योरा नहीं दिया है।सूत्रों के मुताबिक, पिछले चार दिनों से 40 टीमें और 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी कार्रवाई में लगे हुए थे. इन टीमों ने बिल्डरों और अन्य व्यवसायियों से जुड़े 40 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।उनके सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई. चौथे दिन करीब 17 बैंक लॉकर खोले गये. जिसमें से 70 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति दर्ज है। सूत्रों ने बताया कि इसमें छह किलो सोना, 90 किलो चांदी और 2.5 करोड़ रुपये नकद शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल में नगर पालिका नौकरी घोटाला

### » अब बीजेपी विधायक के आवास पर सीबीआई का छापा

**कोलकात्ता,09अक्टूबर 2023(ए)।** पहली बार पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के नगर पालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले में भाजपा का नाम शामिल हुआ है। सीबीआई ने सोमवार सुबह से पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट निर्वाचन क्षेत्र के भगवा विधायक पार्थसारथी चटर्जी के आवास पर छापेमारी की। वह राणाघाट नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी थे। रविवार को, सीबीआई के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में 12 स्थानों पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पश्चिम बंगाल के नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास भी शामिल थे।



सत्तारूढ़ दल का नेतृत्व शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि ये छापेमारी और तलाशी अभियान भाजपा और केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के कारण हैं, जिसकी प्रक्रिया में केंद्रीय एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है। अब, भाजपा विधायक के आवास पर सीबीआई की छापेमारी के बाद, पर्यवेक्षकों को लगता है कि राज्य में भगवा खेमे के पास अब यह दावा करने का मौका होगा कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीति से प्रभावित नहीं हो रही हैं।

भाजपा में शामिल होने और 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में विधायक बनने से पहले चटर्जी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों से जुड़े रहे थे। वह 25 वर्षों की लंबी अवधि तक राणाघाट नगर पालिका के अध्यक्ष रहे, पहले कांग्रेस की ओर से और फिर तृणमूल कांग्रेस की ओर से। वह 2011 में तृणमूल कांग्रेस के विधायक भी बने, जिस वर्ष पश्चिम बंगाल में 35 साल के वाम मोर्चा शासन को हटाकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई थी। हालांकि, 2016 के राज्य विधानसभा चुनावों में उन्हें वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार शंकर सिंह से हार मिली। चटर्जी 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा ने उसी राणाघाट (उत्तर-पश्चिम) निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिया। वह 22,910 वोटों के अंतर से निर्वाचित हुए।

# माफिया अतीक अहमद के बेटे बाल गृह से रिहा

### » बाल कल्याण समिति के आदेश पर किए गए बुआ के हवाले

**प्रयागराज ,09 अक्टूबर 2023(ए)।** माफिया अतीक अहमद के चौथे बेटों को सोमवार को बाल संप्रेषण गृह से रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बाल कल्याण समिति ने एहजम को रिहा करने का आदेश जारी किया। देर शाम एहजम और उसके छोटे भाई को उनकी बुआ शाहीन परवीन को सुपुर्द कर दिया गया। रिहाई की प्रक्रिया सुबह से ही चल रही थी।



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बाल कल्याण समिति ने यह निर्णय लिया है। इसी साल एहजम चार अक्तूबर को 18 साल का हो चुका है और ऐसे में नियमानुसार उसे बाल संप्रेषण गृह में नहीं रखा जा सकता।

ज्ञात हो कि उसकी बुआ शाहीन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर दोनों बच्चों को उन्हें सौंपने की मांग की गई थी। मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाल कल्याण समिति को विचार कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्तूबर को होनी है। सोमवार को देर शाम उनको बाल संरक्षण गृह से रिहा करते हुए उसे उसकी बुआ को सुपुर्द कर दिया गया।


उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस ने अतीक अहमद के दोनों नाबालिग बेटों को चकिया इलाके से बरामद किया था। दोनों की उम्र 18 वर्ष से कम होने के कारण उन्हें कोर्ट के आदेश पर बाल संरक्षण गृह में लगा गया था। यह दोनों बच्चे चौथे और पांचवें नंबर के हैं। एहजम इसी महीने 18 साल का हो गया है। नियमानुसार उसे अब बाल संरक्षण गृह में नहीं रखा जा सकता।

# अविनाश रेड्डी को राहत देने से इनकार

**नई दिल्ली,09अक्टूबर 2023(ए)।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने वाईएस विवेकानंद रेड्डी हत्या मामले में अविनाश रेड्डी को गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दिया है। इन फैसलों ने देश का ध्यान खींचने वाले मामले में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की संलिप्तता पर सवाल उठाए हैं। यह मामला एक प्रमुख राजनीतिक व्यक्ति और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के चाचा वाईएस विवेकानन्द रेड्डी की नृशंस हत्या का है। वाईएस विवेकानंद रेड्डी 15 मार्च, 2019 को कडप्पा स्थित अपने आवास पर मृत पाए गए थे। उनकी हत्या की जांच चार वर्षों से चल रही है। वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के रिश्तेदार अविनाश रेड्डी ने सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। उन्होंने दलील दी कि वह हत्या में शामिल नहीं थे और गिरफ्तारी से सुरक्षा का अनुरोध किया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सबूतों और



तर्कों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद अविनाश रेड्डी की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आगे की जांच आवश्यक है।सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अविनाश रेड्डी ने अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के आंकलन से सहमति जताई और अविनाश रेड्डी की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने हत्याकांड की गहन जांच की जरूरत पर जोर दिया। वाईएसआरसीपी पर अविनाश रेड्डी को गिरफ्तारी से बचाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। आलोचकों का तर्क है कि मुख्यमंत्री के एक करीबी रिश्तेदार की हत्या के मामले में वाईएसआरसीपी के एक वरिष्ठ नेता को राहत देने से इनकार करना, पार्टी की भागीदारी और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के उसके कथित प्रयासों पर सवाल उठाता है। जैसे-जैसे मामला सामने आ रहा है, पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की मांग बढ़ती जा रही है।



# आयकर विभाग ने बारामूला में बिजनेसमैन से जुड़े परिसरों पर मारे छापे

**श्रीनगर,09अक्टूबर 2023(ए)।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर छापा मारा।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी एआरसीओ बिजनेस ग्रुप के मालिक जावेद अहमद अनम के घर और दुकान पर हो रही है। सूत्रों ने कहा, छापेमारी पूरी होने के बाद विवरण साझा किया जाएगा।

# टोल टैक्स को लेकर राज ठाकरे ने दी धमकी

### » टोल टैक्स बंद करो नहीं तो टोल बूथ जला देंगे

**मुंबई ,09अक्टूबर 2023(ए)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने टोल टैक्स को राज्य का सबसे बड़ा 'घोटाला' करार देते हुए सोमवार को सड़क टोल टैक्स व्यवस्था को खत्म करने की मांग की, ऐसा नहीं करने पर 'टोल बूथ जलाने की धमकी दी। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मनसे नेता ने कहा कि बहुत जल्द उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सभी टोल बूथों पर जाएंगे और छोटे वाहनों से टोल टैक्स की वसूली को रोकेंगे।

राज ठाकरे ने धमकी दी, मैं कुछ दिनों में सीएम एकनाथ शिंदे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा और देखूंगा कि क्या प्रतिक्रिया मिलती है.. इसके बाद, मेरे लोग सभी टोल संग्रह चौकियों पर जाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी छोटे वाहनों से टोल एकत्र न किया जाए। अगर सरकार हमारे खिलाफ



कार्रवाई करती है, तो हम उन टोल बूथों को जला देंगे।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने दोहराया कि सड़क टोल टैक्स राज्य का सबसे बड़ा घोटाला है, और सवाल किया कि हर साल उन्हीं कंपनियों को टोल संग्रह का ठेका क्यों मिलता रहता है। राज ठाकरे ने कहा, हम पहले से ही रोड टैक्स दे रहे हैं, फिर हमें टोल टैक्स भी क्यों देना चाहिए? इन टोल-बूथों से एकत्र किया गया भारी भरकम टोल राजस्व वास्तव में कहां जा रहा है? इसके बावजूद, बिना किसी सुविधा के सड़कों और राजमार्गों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

प्रारंभिक प्रतिक्रिया में, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि चार पहिया वाहनों सहित सभी छोटे वाहनों को सरकार के निर्देश के अनुसार टोल टैक्स का भुगतान करने से छूट दी गई है। राज ठाकरे ने पिछले तीन दशकों में लगातार सरकारों की आलोचना की, जिन्होंने टोल टैक्स खत्म करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस मामले में कुछ नहीं किया गया है।

प्रभाव के लिए अपनी ट्रेडमार्क शैली 'लाव रे ते वीडियो' (वह वीडियो चलाएं) पर लौटते हुए, राज ठाकरे ने दिवंगत गोपीनाथ मुंडे, पूर्व सीएम देवेंद्र फड़नवीस और उद्धव ठाकरे और डिप्टी सीएम अजीत पवार जैसे नेताओं के पुराने वीडियो भी चलाए।

# बंगाल में डेंगू की स्थिति भयावह

### मरीजों की संख्या 50 हजार के पार

**कोलकाता ,09अक्टूबर 2023(ए)।** पश्चिम बंगाल में डेंगू चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है, जिससे प्रभावित लोगों की कुल संख्या 50 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अब तक 56,707 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से रविवार शाम तक पिछले सात दिन में 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक डेंगू से होने वाली मौतों का कोई आंकड़ा नहीं बताया है, लेकिन अनौपचारिक अनुमान के मुताबिक मरने वालों की संख्या 60 है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी जैसे भाजपा विधायकों ने दावा किया है कि कई मामलों में डेंगू से होने वाली मौतों को अज्ञात बुखार के कारण मौत के रूप में रिपोर्ट किया गया है, और इसलिए इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 100 से ज्यादा है।




स्वास्थ्य विभाग के अंदरूनी सूत्रों को डर है कि आगामी दुर्गा पूजा उत्सव डेंगू के प्रकोप के साए में हो सकता है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक प्रभावित जिला उत्तर 24 परगना हैं, जहां कुल मामलों की संख्या 11,244 तक पहुंच गई है। राज्य की राजधानी कोलकाता 6,070 के आंकड़े के साथ दूसरे स्थान पर और मुर्शिदाबाद 5,791 मामलों के साथ तीसरे स्थान पर है। .

अन्य जिले जहां प्रभाव गंभीर था उनमें दक्षिण 24 परगना, हुगली, हावड़ा और मालदा शामिल हैं।

# मोहम्मद फैजल लक्षद्वीप के सांसद बने रहेंगे

### » सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाई कोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली ,09अक्टूबर 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी गई थी।

केरल हाई कोर्ट के आदेश के बाद, फैज़ल को दूसरी बार सांसद के रूप में अयोग्यता का सामना करना पड़ा। शीर्ष अदालत की रोक के बाद फैजल अब सांसद बने रह सकते हैं। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के रिमांड आदेश से दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ चालू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश ने दोषसिद्धि के निलंबन पर पुनर्विचार करने के लिए आदेश को वापस हाई कोर्ट को भेज दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ फिलहाल जारी रहेगा। अदालत के समक्ष फैज़ल का प्रतिनिधित्व करते



हुए, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सांसद के रूप में चुने जाने के बाद प्राथमिकी संशोधित कर उसमें हत्या के लिए प्रयुक्त हथियार के रूप में लोहे की रॉड को शामिल किया गया था। सिब्बल ने आगे कहा कि यह दो राजनीतिक दलों, एनसीपी और कांग्रेस के बीच की लड़ाई थी। फैजल जहां एनसीपी से हैं, वहीं सभी गवाह कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। सिब्बल ने कहा, सत्र न्यायाधीश ने पाया कि कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है। सिब्बल ने आगे कहा कि फैजल के निर्वाचन क्षेत्र लक्षद्वीप को बिना प्रतिनिधित्व के नहीं रहने दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सजा पर रोक लगाते हुए लक्षद्वीप प्रशासन और शिकायतकर्ता से जवाब मांगा। जनवरी में, लक्षद्वीप के कावारत्ती की एक सत्र अदालत ने 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिवंगत केंद्रीय मंत्री पी.एम. सईद के दामाद मोहम्मद सलीह की हत्या के प्रयास के लिए फैज़ल को सजा सुनाई। इसके बाद 25 जनवरी को फैजल को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया।सत्र अदालत ने फैज़ल को 10 साल के लिए कठोर कारावास की सजा सुनाई। उच्च न्यायालय ने मार्च में मामले में उनकी दोषसिद्धि और सजा को निलंबित कर दिया था। फिर शिकायतकर्ता और लक्षद्वीप प्रशासन ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

# केरल उच्च न्यायालय ने एसपीसी से फिल्म इंटरनेट व्लॉगर्स की 'बेईमानी' पर ध्यान देने को कहा

**कोच्चि ,09अक्टूबर 2023(ए)।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस प्रमुख को उन व्लॉगर्स पर ध्यान देने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है, जो नई फिल्मों के खिलाफ निहित स्वार्थों से खिलवाड़ करते हैं। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन फिल्म 'अरोमालिन्टे आद्याथे प्राणायाम' के निर्देशक मुबीन रऊफ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिन्होंने फिल्म उद्योग पर व्लॉगर्स के बेईमानी के नकारात्मक प्रभाव को सामने लाया और कार्रवाई की मांग की। जांच और संतुलन की आवश्यकता पर जोर देते हुए, न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने कहा, राज्य पुलिस प्रमुख, विद्वान सरकारी वकील के माध्यम से, इस अदालत को यह भी सूचित करेंगे कि क्या कोई व्यक्ति या इकाई गैरकानूनी और प्रेरित गतिविधियों सहित ऐसी गतिविधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकती है।अदालत ने कहा,हालांकि, राज्य पुलिस प्रमुख को यह विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए कि, अब उन्हें जिस बात का




जवाब देने के लिए बुलाया जा रहा है, वह केवल जबरन वसूली और ब्लैकमेल करने के लिए की गई प्रेरित और सोची-समझी समीक्षाओं के मामलों में कार्रवाई के संबंध में है; न कि उन पर जो प्रामाणिक बनाए गए हैं।

अदालत यह देखना चाहती थी कि याचिकाकर्ता द्वारा यह आरोप लगाने के बाद कि इस तरह के कृत्य में निहित स्वार्थ लगे हुए हैं, कुछ किया जा सकता है या नहीं। एमिकस क्यूरी ने इस पर गौर करने के बाद कहा कि याचिकाकर्ता ने एक वैध मुद्दा उठाया है।

अदालत ने कहा,हर फिल्म एक बौद्धिक संपदा है। ऐसा होने के अलावा, इसमें केवल निर्माता, मुख्य सितारे या निर्देशक ही नहीं, बल्कि कई लोगों की प्रतिष्ठा, पसीना, खून और आकांक्षाएं भी शामिल होती हैं। न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने कहा कि, किसी बौद्धिक संपदा की निष्पक्ष आलोचना ङ्क चाहे वह फिल्म हो या अन्यथा; ब्लैकमेल और जबरन वसूली के खतरनाक प्रयास के विपरीत, दो अलग-अलग पहलू हैं, जिन्हें स्पष्ट रूप से अलग किया जाना चाहिए और स्पष्ट रूप से निपटा जाना चाहिए।

## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन ठंडा क्यों पड़ गया?

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सन्नाटा है। कमाल की चुप्पी है। किसी को पता नहीं है कि क्या हो रहा है। जून के बाद से अचानक जो तेजी आई थी और हर महीने बैठकों का दौर शुरू हुआ था वह शांत हो गया है। विपक्षी गठबंधन की ओर से कोई साझा कार्यक्रम नहीं हुआ है। आखिरी बार विपक्षी नेता 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में मिले थे। उसके बाद से कोई मीटिंग नहीं हुई है। कहा गया था कि विपक्ष की अगली मीटिंग दिल्ली में होगी लेकिन कब होगी यह तय नहीं हुआ।

विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक में यह तय हुआ था कि विपक्ष की पहली साझा रैली भोपाल में होगी। लेकिन कांग्रेस ने और उसमें भी मध्य प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एकतरफा तरीके से रैली रद्द कर दी। उसके बाद 'इंडिया' के सूत्रों के हवाले से खबर आई कि विपक्ष की पहली साझा रैली नागपुर में होगी। लेकिन उस दिशा में भी कोई प्रगति नहीं हुई है। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन के नेताओं की भी कोई बैठक नहीं हुई है। उनके पहले से साझा रैलियां हो रही थीं लेकिन हैरानी की बात है कि वह भी स्थगित हो गई है। एनसीपी में टूट के बाद महा विकास अघाड़ी की भी कोई रैली नहीं हुई है।

मुंबई की बैठक में जो समन्वय समिति बनी थी उसमें सीपीएम ने अपना कोई प्रतिनिधि शामिल करने से इनकार कर दिया है। इस समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को दिल्ली में शरद पवार के घर पर हुई थी। उसमें कोई खास फैसला तो नहीं हुआ लेकिन बताया गया था कि उस समय सीटों के बंटवारे के बारे में कुछ बातचीत हुई थी। उस मीटिंग के बाद से सीटों के बंटवारे के मामले में रेडियो साइलेंस है। कहीं भी कोई चर्चा नहीं है। सो, अब स्थिति यह है कि विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक के बारे में कोई सूचना नहीं है। पहली साझा रैली के बारे में कहीं कोई चर्चा नहीं है और सीट बंटवारे के बारे में भी कोई बात नहीं सुनाई दे रही है।

विपक्षी नेता कह रहे हैं कि हर बात मीडिया के सामने करने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है सीट बंटवारे को लेकर चुपचाप सब कुछ हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि कुछ नहीं हो रहा है। कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त है और उसने किसी सहयोगी पार्टी से सीट बंटवारे को लेकर बात नहीं की है। उसने इन पांचों राज्यों में किसी सहयोगी पार्टी को भी कोई सीट देने के बारे में बात नहीं की है। बताया जा रहा है कि तेलंगाना में कम्युनिस्ट पार्टियों, मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी और राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को कुछ सीट देने की बात थी। लेकिन कांग्रेस ने इस पर चुप्पी साधी है। तभी समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियां चुनाव लड़ने की अपनी अपनी तैयारी कर रही हैं।

# वोट बटोरने का शॉर्टकट रेवड़ी की राजनीति



डॉ. सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा



मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? राजनीतिक दलों को सूचित करना चाहिए कि क्या मुफ्त के लिए धन सरकारी खजाने से आएगा और यदि ऐसा है तो यह केवल एक जेब से पैसा लेना और मतदाता की दूसरी जेब में डालना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बड़े पैमाने पर, अनियंत्रित मुफ्तखोरी संस्कृति हमारे जैसे लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की छत को हिला देती है।

राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली, मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, मुफ्त पानी और लंबित बिलों और ऋणों की माफी जैसे वादों की एक श्रृंखला को अक्सर मुफ्त उपहार माना जाता है। ÷मुफ्त उपहार÷ का वितरण भारत में चुनाव प्रचार का एक अभिन्न अंग बन गया है। मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत, केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। यह चुनाव अभियानों से अप्रभेद्य है जहां राजनेता दीर्घकालिक विकास लक्ष्य रोजगार गारंटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राज्य समर्थन, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित करने के बजाय मतदाताओं को लुभाने के शॉर्टकट के रूप में मुफ्त पानी, बिजली, राशन, भोजन, टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल, स्कूटर, गैस सिलेंडर और सार्वजनिक परिवहन के वादे करते हैं।

इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? सब्सिडी और मुफ्त चीजें राजकोषीय घाटा बढ़ाती हैं और सरकारी राजस्व पर दबाव डालती हैं, जिससे घाटा और भी बढ़ जाता है। मुफ्तखोरी मतदाताओं की निर्णय लेने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करती है। ऋण माफी को मुफ्त उपहार के रूप में देने से अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि संपूर्ण ऋण संस्कृति को बर्बाद करना और मूल प्रश्न को अस्पष्ट करना कि कृषक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लगातार ऋण जाल में क्यों फंसता जा रहा है। श्रीलंका में आर्थिक उथल-पुथल मुफ्तखोरी की राजनीति के दुष्परिणामों का एक उदाहरण है।

इसमें मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य में बाधा डालने की क्षमता है। यह राज्यों को कल्याणकारी योजनाओं से संसाधनों को राजनीति से प्रेरित एजेंडे की ओर मोड़ने के लिए मजबूर करता है। अतार्किक मुफ्तखोरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और लोकतंत्र में बाधा उत्पन्न करेगी। मुफ्तखोरी की संस्कृति स्वतः ही प्राकृतिक संसाधनों के प्रति गैर-जिम्मेदारी और संसाधनों के अति प्रयोग को बढ़ावा देगी और इससे पर्यावरण को अधिक नुकसान होगा। जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी आदि। एक परिपक्व लोकतंत्र में, एक राजनीतिक दल केवल अच्छे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का ऋणी होता है, जबकि अच्छा शासन देना कठिन होता है, मुफ्त के वादों को पूरा करना सरल होता है। भारतीय मतदाता तर्कसंगत आर्थिक प्रबंधन के बजाय मुफ्तखोरी की राजनीति की ओर आकर्षित हैं, जो पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और दिल्ली में बार-बार साबित हुआ है। ₹55,000 करोड़ की मुफ़्त चीज़ें पंजाब को दिवालियापन की ओर ले जा रही हैं, जो पहले से ही सबसे अधिक कर्ज़दार राज्य है, और कर्नाटक में ₹62,000 करोड़ (जीएसडीपी का 3 प्रतिशत) की चुनावी गारंटी को भी इसी तरह की स्थिति मिलेगी।

मुफ़्त उपहार पॉलिटिक्स पर वित्त आयोग (एफसी) की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह राज्यों को संघीय संसाधनों के हस्तांतरण के लिए एकमात्र संवैधानिक निकाय है। ऐसी मुफ़्तखोरी की राजनीति से निपटने के लिए उसके पास शायद ही अधिकार, वैधता या क्षमता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त वस्तुओं का वितरण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और चुनावी प्रक्रिया का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसी) को मुफ्त वस्तुओं के संदर्भ में उचित दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया। हालाँकि, चुनाव आयोग ने केवल एक अस्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान किया, जिसमें पार्टियों को वादा किए गए मुफ्त उपहारों के वित्तपोषण की योजनाओं को बताने की आवश्यकता थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का आह्वान किया, लेकिन अभी तक कुछ भी सामने नहीं आया है।

राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों का वादा करने से रोकना मुश्किल होगा, लेकिन जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) में संशोधन के माध्यम से सिद्धांतों का खुलासा करना अनिवार्य करके इसे कुछ हद तक हल किया जा सकता है। इसे राजनीतिक दलों के बीच सर्वसम्मति के माध्यम से केवल विधायिकाओं द्वारा ही प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी की राजनीति की प्रवृत्ति राजकोषीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में चिंता पैदा करती है। इस चिंता को संबोधित करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। दुर्लभ निधि को मुफ़्त चीज़ों पर खर्च करने के बजाय रोज़गार सृजन में निवेश करना महत्वपूर्ण है। यह वह प्रश्न है जिसका उत्तर अंततः मतदाता ही दे सकते हैं। मुफ़्त चीज़ों के मुद्दे के समाधान के लिए लोकतांत्रिक जवाबदेही पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक दलों को राजनीतिक वादे करने से पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। हालाँकि, ऐसे वादे, भले ही उनमें कुछ मुफ्त चीज़ें शामिल हों, मुख्य रूप से तर्कसंगत और संवैधानिक कल्याण उद्देश्यों के अनुरूप होने चाहिए। इसके अलावा, राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों के राजनीतिक वादों को पूरा करने के लिए धन के स्रोत की घोषणा करनी चाहिए। राजनीतिक दलों को सूचित करना चाहिए कि क्या मुफ्त के लिए धन सरकारी खजाने से आएगा, और यदि ऐसा है तो यह केवल एक जेब से पैसा लेना और मतदाता की दूसरी जेब में डालना है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बड़े पैमाने पर, अनियंत्रित मुफ्तखोरी संस्कृति हमारे जैसे लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की छत को हिला देती है। मुफ़्तखोरी की संस्कृति को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने की तत्काल आवश्यकता है, इससे पहले कि यह और अधिक विस्फोट करे और अधिक खतरनाक आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मार्ग प्रशस्त करे। अन्यथा, ÷मुफ़्त उपहार÷ सबसे महंगा साबित हो सकता है!

# रिसॉर्ट में विवाह...नई सामाजिक बीमारी

कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियाँ होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है!
अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियाँ होने लगी हैं!
शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता है।
आगंतुक और मेहमान सीधे वहीं आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं।
जिसके पास चार पहिया वाहन है वही जा पाएगा,
दोपहिया वाहन वाले नहीं जा पाएंगे।
बुलाने वाला भी यही स्टेटस चाहता है।
और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है।
दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी हैं,
किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !
किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है !
किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है !
और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है!!



इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है!
सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है!!
महिला संगीत में पूरे परिवार को नाच गाना सिखाने के लिए महंगे कोरियोग्राफर 10-15 दिन ट्रेनिंग देते हैं!
मेहंदी लगाने के लिए आर्टिस्ट बुलाए जाने लगे हैं
मेहंदी में सभी को हरी ड्रेस पहनना अनिवार्य है जो नहीं पहनता है उसे हीन भावना से देखा जाता है लोअर केटेगरी का मानते हैं
फिर हल्दी की रस्म आती है
इसमें भी सभी को पीला कुर्ता पाजामा पहनना अति आवश्यक है इसमें भी वही समस्या है जो नहीं पहनता है उसकी इज्जत कम होती है ।
इसके बाद वर निकासी होती है
इसमें अक्सर देखा जाता है जो पंडित को दक्षिणा देने में 1 घंटे डिस्कशन करते हैं
वह बारात प्रोसेशन में 5 से 10 हजार नाच गाने पर उड़ा देते हैं ।
इसके बाद रिसेप्शन स्टार्ट होता है
स्टेज पर वरमाला होती है पहले लड़की और लड़के वाले मिलकर हंसी मजाक करके वरमाला करवाते थे,,,,,, आजकल स्टेज पर धुंए की धूनी छोड़ देते हैं
दूल्हा दुल्हन को अकेले छोड़ दिया जाता है
बाकी सब को दूर भगा दिया जाता है और फिल्मी स्टाइल में स्लो मोशन में वह एक दूसरे को वरमाला पहनाते हैं
साथ ही नकली आतिशबाजी भी होती है ।
स्टेज के पास एक स्क्रीन लगा रहता है
उसमें प्रीवेडिंग सूट की वीडियो चलती रहती है
जिसमें यह बताया जाता है की शादी से पहले ही लड़की लड़के से मिल चुकी है और कितने अंग प्रदर्शन वाले कपड़े पहन कर
कहीं चट्टान पर
कहीं बगीचे में
कहीं कुएं पर
कहीं बावड़ी में
कहीं श्मशान में कहीं नकली फूलों के बीच अपने परिवार की इज्जत को नीलाम कर के आ गई है ।
प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं
जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है!!
क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए हैं!
मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है!
रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं !
सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते हैं!
और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है !
कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं
परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता !
वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं!!
हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है
मेरा अपने मध्यमवर्गीय समाज बंधुओं से अनुरोध है
आपका पैसा है ,आपने कमाया है, आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं,
पर किसी दूसरे की देखा देखी नहीं!
कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान सम्मान को खत्म मत करिएगा!
जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्चा करिएगा
4 - 5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है !
दिखावे की इस सामाजिक बीमारी को अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित रहने दीजिए!
अपना दांपत्य जीवन सर उठा के, स्वाभिमान के साथ शुरू करिए और खुद को अपने परिवार और अपने समाज के लिए सार्थक बनाइए !

**-नंदनी गुप्ता,फेसबुक वॉल-**

## जन्मदिन विशेष

# सादगी से परिपूर्ण पर्यावरणविद,लेखक,कवि व साहित्यकार-लाल बिहारी लाल



आज हमारे जीवन में पर्यावरण का महत्वपूर्ण योगदान है यदि पर्यावरण पर ध्यान ना दिया गया और प्रकृति का ऐसे ही दिन प्रतिदिन क्षति होती रही तो वह दिन दूर नहीं कि हम सांस लेने को मोहताज हो जाएंगे, और प्रकृति का नियंत्रण दिन प्रतिदिन बिगड़ता जाएगा । कई पर्यावरणविद निस्वार्थ भाव से प्रकृति को बचाने की मुहिम में जुटे हैं उन्हीं में से एक हैं लाल बिहारी लाल जिनको होश संभालने के बाद से प्रकृति से ऐसा लगाव हुआ कि वह पर्यावरण प्रेमी बन गए ।

लाल बिहारी लाल का जन्म बिहार के छपरा जिला के अधीन एक गांव सोनहो के पास श्रीरामपुर में 10 अक्टूबर सन 1974 को एक मध्यमवर्गीय शिक्षक परिवार में हुआ था इनका लालन-पालन इसी गांव में हुआ लाल जी का बचपन से ही प्रकृति से अटूट लगाव रहा और वह पेड़ पौधों और फूल पत्तियों के साथ खेलते रहते थे।

लाल जी शिक्षा ग्रहण कर जब वह दिल्ली आए तो उनको प्रकृति के साथ-साथ संगीत और कविता का भी शौक परवान चढ़ा और उन्होंने कविता के साथ-साथ कई गीत भी लिखे जो काफी प्रसिद्ध हुए जिन्हें टी सी रीज, वीनस,एच.एम.वी आदि सहित तमाम कंपनियों ने रिलीज किया। इनके कई गाने हिट हुए जो कि हर व्यक्ति के जुबां पर था जिसे गाया था ताराबानो फैजाबादी ने ऐसे ही अनेक गीत उन्होंने लिखे, देवी गीत छठ मैया के गीत कई लोकगीतो के साथ-साथ काफी कविताएं भी लिखी हैं। इनकी लिखी कविता नालंदा के एम ए एवम बिहार विश्वविद्यालय के बी.ए. पाठ्यक्रम में भी पढ़ाई जाती हैं । श्री लाल बिहारी लाल समाजिक क्षेत्रों में भी काफी सक्रीय है। लाल जी को अनेकों बार अच्छी पत्रकारिता एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिये विभिन्न सगठनों द्वारा अनेकों बार सम्मानित किया गया है। लाल जी एक अच्छे समाजसेवी भी हैं समय-समय पर क्षेत्रवासियों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं देखने में बिल्कुल सादगी से परिपूर्ण दिखने वाले लाल जी की रोम-रोम में समाज सेवा पर्यावरण संरक्षण तथा लोगों को प्रसन्न करने की कला कूट-कूट कर भरी है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

**-नीरज पाण्डेय-**

# प्रभा श्री काव्य गोष्ठी के मंच से जुड़ते देश-विदेश के दिलों के तार

**वाराणसी,09 अक्टूबर 2023।** काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम डॉ. पॉपी चरनालिया (लेक्सिंग्टन, अमरीका), अंजू रंजन आशा (लखनऊ),डॉ.मीनापुष्पांशी (ग्वालियर), प्रतिभा मिश्रा (वाराणसी), कविता काव्या सखी (लखनऊ) द्य सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोताओं में हरदा के नामी ग़ज़लकार जयकृष्ण चांडक ने अपनी रचनाओं से वाहवाही बटोरी । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचनाओं के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके द्य यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रूप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह मंच साप्ताहिक है, प्रतिभाग करने के इच्छुक कवि प्रियंका गीत जी से संपर्क कर सकते हैं।



# देवरानी-जेठानी(बहुएं )

दीपा और नीता दोनों जेठानी-देवरानी। दीपा नौकरी करती थी और नीता घर संभालती थी। भरा-पूरा परिवार था, सास-ससुर, दोनों के दो बच्चे कुल 10 लोगों का परिवार। कई सालों बाद दोनों की बुआ सास कुछ दिन अपने भाई के पास रहने आई। सुबह उठते ही बुआ जी ने देखा दीपा जल्दी-जल्दी अपने काम निपटा रही थी। नीता ने सब का नाश्ता, टिफिन बनाया जिसे दीपा ने सब को परोसा, टिफिन पैक किया और चली गई ऑफिस। नीता ने फिर दोपहर का खाना बनाया और बैठ गयी थोड़ा सास और बुआ सास के पास। बुआ जी से रहा नहीं गया बोली ÷छोटी बहू तेरी जेठानी तो अच्छा हुकुम चलाती है तुझ पर, सुबह से देख रही हूं रसोई घर में तू लगी है और वो महारानी दिखावा करने के लिए सबको नाश्ता परोस रही थी जैसे उसी ने बनाया हो।÷




नीता और सास ने एक दूसरे को देखा, नीता बोली नहीं, ऐसी कोई बात नहीं है बुआ जी।
बुआ जी बोली तू भोली है, पर मैं सब समझती हूं।
नीता से अब रहा नहीं गया और बोली बुआ जी आपको दीपा दीदी का बाकी सबको नाश्ता परोसना दिखा, शायद ये नहीं दिखा कि उन्होंने मुझे भी सबके साथ नाश्ता करवाया। मुझे डांट कर पहले चाय पिलाई, नहीं तो सबको खिलाकर और टिफिन पैक करने में मेरा नाश्ता तो ठंडा हो चुका रहता या मैं खाती ही नहीं। दीदी सुबह उठकर मंदिर की सफाई करके फूल सजाकर रखती हैं तो मम्मी जी का पूजा करने में अच्छा लगता है। मैं तो नहा कर आते ही रसोई में घुस जाती हूं। शाम को आते हुए दीदी सब्जियां भी लेकर आती हैं क्योंकि आपके भतीजों को रात लेट हो जाती है, तब ताजी सब्जियां नहीं मिलती। ऑफिस में कितनी मेहनत करनी पड़ती है, फिर ऑफिस में काम करके आकर रात को खाना बनाने में मेरी मदद करती हैं। वो मेरी जेठानी नहीं मेरी बड़ी बहन हैं, मैं नहीं समझूंगी तो कौन समझेगा?
बुआ जी चुप हो गई। शाम को दीपा सब्जी की थैली नीता को पकड़ाते हुए बोली ÷इसमें तुम्हारी फेवरेट लेखक की किताब है निकाल लेना।÷
नीता खुश हो गई और बोली ÷थैंक्स दीदी।÷ नीता सब्जी की थैली किचन में रखी और किताब रखने अपने कमरे में चली गई। बुआ जी ने दीपा को आवाज दी बड़ी बहू, यहां आना।
दीपा बोली जी बुआ जी?
बुआ जी बोली तुम इतनी मेहनत करके कमाती हो और ऐसे फालतू किताबों में पैसे व्यर्थ करती हो, वो भी अपनी देवरानी के लिए। वो तो वैसे भी घर में करती ही क्या है? तुम दिन भर मेहनत करती हो और वो घर पर आराम।÷
दीपा मुस्कुराई बोली आराम? नीता को तो जबरदस्ती आराम करवाना पड़ता है। सुबह से बेचारी लगी रहती है किचन में सबकी अलग-अलग पसंद, चार बच्चों का टिफिन, सब बनाती है वो भी प्यार से। सुबह की चाय पीने का भी सुध नहीं रहता उसे, दोपहर को जब बच्चे आते हैं फिर उनका खाना, उनकी पढ़ाई सब वही देखती है। वो है इसलिए मुझे ऑफिस में बच्चों की चिंता नहीं रहती। मैं अपना पूरा ध्यान ऑफिस में लगा पाती हूं। कुछ दिन पहले ही प्रमोशन मिला है।
मम्मी पापा की दवाई कब खत्म हुई, कब लानी है उसे पता होता है। रिश्तेदारों के यहां कब फंक्शन है क्या देना है सब ध्यान रहता है उसे। घर संभालना कोई छोटी बात नहीं है। मेहमानों की आवभगत बिना किसी शिकायत के करती है। उसे बस पढ़ने का शौक है, फिर मैं अपनी छोटी बहन की छोटी सी इच्छा पूरी नहीं करुंगी तो कौन करेगा?÷ बुआ जी की बोलती फिर बंद हो गई।
दीपा वहां से उठ कर चली गई। ये सारी बात सास पूजा करते हुए सुन रही थी। बुआ जी के पास आकर बोली ÷जीजी ये दोनों देवरानी जेठानी सगी बहन जैसी हैं और एक दूसरे का अधूरापन पूरा करती हैं। मेरे घर की मजबूत नींव है ये दोनों जिसे हिलाना नामुमकिन है। ऐसी बातें तो कई लोगों ने दोनों को पढ़ाना चाही, पर मजाल है दोनों ने सामने वाले की बोलती बंद ना की हो? और सास मुस्कुरा दी।
बुआ जी की बोलती अब पूरी तरह बंद हैं..!!

**साभार-फेसबुक वॉल-**

## ये अंधेरी रात


ये तंहाई भरी अंधेरी
गहरी काली रात
हमे डराते हैं।।
ये उमड़े घुमड़ते बादल
देख हम अक्सर कितना
डर जाते हैं।।
ये चॉद भी अपनी
चॉदनी संग मिल
जैसे हमें चिढ़ाते हैं।।
कहते जैसे ये मिल
हम तो बहुत खुश
हवाओं संग इठलाते हैं।।
देख तेरी हालत पर
हंसी आती हमको
कह मुझे ये रूलाते हैं।।
कहने को कोई नहीं
हम तंहाई में बस
आंसू ही बहाते हैं।।
क्या करें जब हार जाते खुद से
अंधेरी रात में तंहा लिख वेदना
दर्द कि चादर ओढ़ सो जाते हैं।।
ये तंहाई भरी अंधेरी
गहरी काली रात
हमें डराते हैं।।2।।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट्र

## बस बात खत्म

मैं तुम तक तुम मुझ तक
बस बात ख़त्म।
मैं तुमसे तुम मुझसे
बस बात ख़त्म।
मैं तुम्हारी चाहततुम मेरी चाहत
बस बात ख़त्म।
मै तुम्हारी राहें तुम मेरी राहें
बस बात ख़त्म ।
मैं तुम्हारी मंजिल तुम मेरी मंजिल
बस बात खत्म।
मैं तुम्हारी धड़कन तुम मेरी धड़कन
बस बात ख़त्म।
मैं तुम्हारा प्यार तुम मेरा प्यार
बस बात ख़त्म।



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा, राजस्थान

## विरह

विह्वल व्यथित दृष्टि ये मेरी,
देखे पथ को निहार,
बार बार ध्वनि सुन वाहन की,
जब दिखती परछाई,
हृदय कहे करके स्पंदन तब ,
तुम ठहरो !मैं आई,
निर्जन पथ ये देख नयन भी,
आकुल फिर एक बार।।
छिपा भावनाओं को कितनी,
मौन सदा ही रहती,
बिना नीर के मीन बनी मैं,
आतप हर क्षण सहती,
अंग अंग में प्रलय समेटे,
विछिन्न सकल श्रृंगार।।
मिलने को व्याकुल सदैव ही ,
देखूँ प्रतिपल सपना,
बिना तुम्हारे है क्या कोई,
यहाँ जगत में अपना,
समक्ष मेरे आ जाओ तो,
आँसू दें पथ पखार।।
अब तुमको आना ही होगा,
विरह वेदना न सहूँ,
मिली देह ये क्षणभंगुर है,
अगले पल मैं न रहूँ,
मन भर देखूँ तुम्हें प्रिये फिर,
कर दूँ सर्वस्व वार।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

## मुक्तक

आजकल प्रेम एक खेल है।
दिलों का नहीं कोई मेल है।
न कोई राधा है,न कोई मोहन,
प्रेम में यहां हर कोई फेल है।
स्वार्थ के सब रिश्ते नाते,
कोई किसी को अब नहीं भाते।
कैसे विकास हो किसी का,
स्वार्थ, ईर्ष्या जब मन में पाते।
हर हसरतों की अपनी कहानी है।
कोई दीवाना तो, कोई दिवानी है।
हर हसरतें पूरी हो जरुरी तो नहीं,
इसलिए कृष्ण की रुक्मिणी रानी है।
वक्त भरता बड़े बड़े घाव है।
वक्त के नहीं कोई पांव है।
वक्त पे जो करता काम है,
उसे मिलती ठंडी छांव है।



**प्रेमा पटेल**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

आचार संहिता लगते ही भाजपा की दूसरी लिस्ट भी जारीः

# सीतापुर से रामकुमार नया चेहरा, सांसद रेणुका को भी मैदान में उतारा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

आचार संहिता की घोषणा होते ही विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। इस लिस्ट में 64 विधानसभा सीटों पर उसने प्रत्याशियों की घोषणा की है। इनमें जहां कुछ युवा चेहरों को भी शामिल किया गया है, वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह को भी विधानसभा की टिकट दी गई है। सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सैनिक व युवा रामकुमार टोप्पो पर भाजपा ने सियासी दांव खेला है। रामकुमार टोप्पो भाजपा की परिवर्तन यात्रा में जशपुर में राष्टीय अध्यक्ष की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद से ही इन्हें भाजपा द्वारा टिकट देने की अटकलें लगाई जा रही थीं।

चुनाव आयोग द्वारा देश के 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव व मतगणना की तिथि की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गया। इधर छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विधानसभा के 64 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है।

राजनीतिक गलियारों में अब तक यही कयास लगाए जा रहे थे कि पितृपक्ष के बाद दोनों ही बड़ी पार्टियां टिकटों की घोषणा करेंगीं, लेकिन भाजपा ने इस मिथक को तोड़ दिया।










भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित कई पुराने चेहरों पर फिर दांव खेला है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री व सरगुजा सांसद रेणुका सिंह को भी एमसीबी जिले के भरतपुर-सोनहत सीट से टिकट दी गई है। रेणुका सिंह पूर्व में प्रेमनगर सीट से 2 बार विधायक के अलावा महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकीं हैं।

### सरगुजा संभाग की 10 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

भाजपा की पहली लिस्ट में सरगुजा संभाग की 5 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। इनमें रामानुजगंज से रामविचार नेताम, लुंड्रा से प्रबोध मिंज, भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर से भूलन सिंह मरावी व प्रतापपुर विस से शकुंतला पोर्ते को उम्मीदवार बनाया गया था।

वहीं दूसरी लिस्ट में भाजपा ने भरतपुर-सोनहत सीट से सांसद रेणुका सिंह, मनेंद्रगढ़ से श्यामबिहारीजायसवाल, बैकुंठपुर से भइयालाल राजवाड़े, सामरी से उद्धेश्वरी पैंकरा व सीतापुर विस क्षेत्र से रामकुमार टोप्पो को टिकट दी है।

### अंबिकापुर के लिए अभी भी नाम तय नहीं

भाजपा ने अंबिकापुर विधानसभा सीट से अभी तक प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। दो से तीन नामों को लेकर अभी भी उहापोह की स्थिति है। जबकि इस सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव प्रमुख दावेदार हैं। इनके खिलाफ भाजपा इस बार सोच-समझकर ही प्रत्याशी उतारने के मूड में है।




## बेवा महिला की संदिग्ध हालत में मिली लाश,हत्या की संभावना

- संवाददाता -
सुरजपुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

नगर के अग्रसेन वार्ड क्रमांक 12 स्थित भट्ठापारा मोहल्ले में 40 वर्षीया विधवा महिला की घर के अंदर संदिग्ध हालात में लाश मिली है। प्रथम दृष्टिया हत्या का मामला माना जा रहा है।



भट्ठा पारा बस्ती निवासी सुषमा सारथी पत्नी स्वर्गीय लाल सिंह 40 वर्ष शराब बनाकर बेचने और पीने की आदी थी। उनके घर में गैर मर्दों का अक्सर जाना आना होता था। विगत दो-तीन दिनों से विश्रामपुर निवासी कोई व्यक्ति इसके घर में आकर रुका था। सुबह 6 बजे के लगभग इस घर से उस व्यक्ति को निकाल कर जाते देखा गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वही व्यक्ति इस मामले में संलिप्त होगा। फिलहाल पुलिस टीम मुस्तैदी से मामले की जांच कर रही है।

## हरित क्रांति के जनक प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व पर व्याख्यान का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हरित क्रांति के जनक प्रोफेसर एम एस स्वामीनाथन श्रद्धांजली दी गई और इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान भूगोल विभागाध्यक्ष डा. आरके जायसवाल ने कहा कि भूगोल मनुष्य की प्रमुख आर्थिक व्यवस्था एवं विकास के प्राथमिक सेक्टर कृषि का अध्ययन करने वाला विषय है।




एमएस स्वामीनाथन ने एक ऐसी दुनिया की कल्पना के लिए लगातार काम किया जिसमें कोई भूख या गरीबी आबादी न हो। प्रोफेसर स्वामीनाथन ने भारत के लिए कृषि क्षेत्र में जिस नवीन प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग किया जिसके कारण अनाज का न सिर्फ उत्पादन बढा अपितु भंडारण के साथ-साथ निर्यात की ओर भी भारत ने कदम बढ़ाया।

इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ अनिल सिन्हा ने कहा कि प्रोफेसर स्वामीनाथन ने न सिर्फ कृषि उत्पादनों में वृद्धि के लिए वैज्ञानिक तरीके बताएं अपितु कृषि-पर्यावरण अनुकूल तकनीक, खाद्य उपलब्धता, जैव विविधता संरक्षण के लिए भी महान काम किया।

विश्व में भारत को खाद्यान्न शक्ति के रूप में स्थापित करने में उनकी भूमिका अतुलनीय है।

विभाग की प्राध्यापक दीपिका स्वर्णकार ने कहा कि स्वामीनाथन ने हरित क्रांति की मूल नींव रखी थी जिसके परिणाम स्वरूप भारत में धान, गेंहू के साथ-साथ सभी फसलों की उत्पादन मात्रा में आशातीत बढ़ोतरी हुई।

यही कारण है कि भारत सरकार ने उनकी सेवाओं के आधार पर अनेकानेक सम्मान व पुरस्कार से नवाजा था।

भूगोल स्नातकोत्तर परिषद के छात्र पंकज तिवारी ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें भारत रत्न दिए जाने पर देश का सम्मान बढ़ने की बात कही।

कु. स्वाति ने कृषि नवाचारों व उत्पादन को बढ़ावा देने के योगदान के साथ किसानों के हितों की वकालत करने वाला वैज्ञानिक बताया। इस अवसर पर भूगोल विभाग के ओमकार कुशवाहा तथा छात्रों में भी अपने विचार रखे।

व्याख्यान वाला का संचालन बृजेश कुमार पांडे ने किया तथा धन्यवाद किया भूगोल परिषद की अध्यक्ष कु. चंचल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर भूगोल विभागों की समस्त स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अग्र बंधुओं ने 60 यूनिट किया रक्तदान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के आव्हान पर अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में पूरे राष्ट्र में 1 से 15 अक्टूबर तक विशाल रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन कर एक लाख ग्यारह हजार यूनिट्स रक्तदान हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन सरगुजा इकाई एवम अग्रवाल सभा, अग्रवाल युवा सभा के द्वारा अंबिकापुर अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में अग्र बंधुओं ने रक्तदान करते हुए 60 यूनिट ब्लड का डोनेशन किया, जिसमें सम्मेलन के जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने ब्लड देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसी कड़ी में लखनपुर में अग्रवाल सभा अध्यक्ष हरविंद अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष सचिन बंसल उपाध्यक्ष राजेस गर्ग सचिव सौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष राहुल गोयल एवम साथी की अगुवाई में 19 यूनिट ब्लड अग्र बंधुओं रक्तदान किया, जिस हेतु सभी को बहुत बहुत बधाई दी गई। सीतापुर अग्रसेन भवन में अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल,सचिव अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष पीतांबर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनूप गोयल,महिला मंडल अध्यक्ष ममता जिंदल, सचिव नीति जिंदल, नवयुवक समिति अध्यक्ष महिम गर्ग, सचिव अक्षत बंसल की निर्देशन में 22 यूनिट ब्लड देकर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार अग्रवाल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष , संजय मित्तल अध्यक्ष श्री अग्रवाल सभा अंबिकापुर ,सचिव संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल युवा अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, सचिव रोहन तायल, सरगुजा जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल, महामंत्री प्रमोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सम्मेलन की महिला संरक्षक प्रेमलता गोयल जी, जिला अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल जी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ इसके लिए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने सभी को शुभकामनाएं दी गई।



विधानसभा आम निर्वाचन 2023

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेसवार्ता

» जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने की अपील

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

*आज से जिला स्तरीय कंट्रोल रुम 24X7 रहेगा एक्टिव। निर्वाचन सम्बन्धी सुझाव एवं शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1950 जारी। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07774-296291 एवं 07774-296513 पर भी दे सकते हैं जानकारी...*




विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू किए जाने के पश्चात सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन ने विधानसभा निर्वाचन से जिले से सम्बंधित विस्तृत जानकारी से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा आदर्श आचार सहिंता के प्रावधानों के अनुरूप जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही जारी कर दी गई है। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में परिशांति बनाये रखने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक निषेध किया गया है। एसपी श्री सुनील शर्मा ने बताया कि जिले में आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17 उपधारा 3 के उपक्लॉज (बी) एवं धारा 21 तथा सशस्त्र नियम 2016 के तहत जिला अंतर्गत समस्त लाइसेंसधारियों की आग्नेय अस्त्र-शस्त्र जमा किये जाने निर्देश जारी किया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला में भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो तथा इन अस्त्र-शस्त्रों का दुरूपयोग न किया जा सके।

कलेक्टर कुंदन ने बताया कि जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रमों के तहत सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा में 17 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर तथा अभ्यर्थीयों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर को निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 06 लाख 49 हजार 319 मतदाता हैं। जिसमें 03 लाख 21 हजार 113 पुरूष मतदाता, 03 लाख 28 हजार 190 महिला मतदाता और 15 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 5629, 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजूर्ग मतदाताओं की संख्या 7029 है, सेवा मतदाताओं की संख्या 900 है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 781 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के 254 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के 274 मतदान केन्द्र और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 के सीतापुर के 244 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की जा चुकी है एवं प्रशिक्षण प्रक्रियाधीन है। निर्वाचन हेतु पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था की जा रही है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नॉमिनेशन एफिडेविट एवं ऑनलाइन भी सिक्युरिटी डिपॉजिट जमा करने की सुविधा प्राप्त है। नॉमिनेशन फॉर्म के प्रिंट आउट के साथ आवश्यक दस्तावेज रिटर्निंग ऑफिसर को हार्डकॉपी में जमा करना अनिवार्य होगा। विधानसभा 09-लुण्ड्रा एवं 11-सीतापुर विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। अतः इस निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली जमानत राशि रुपये 5 हजार रुपए होगी एवं विधानसभा अम्बिकापुर क्षेत्र सामान्य वर्ग के लिये आरक्षित होने से सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली जमानत राशि दस हजार रूपये होगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी के साथ केवल चार व्यक्ति रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में प्रवेश कर सकते हैं । नामनिर्देशन हेतु प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की अधिकतम संख्या 03 होगी। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु स्वीप अभियान के माध्यम से जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कलेक्टर कुंदन ने बताया कि राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी से राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे। उन्होंने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बंधित मामला संज्ञान में आते ही तत्काल सूचना दिए जाने कहा तथा शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष मतदान हेतु सहयोग की अपील की। कलेक्टर श्री कुंदन ने इस दौरान निर्वाचन से सम्बंधित सी विजिल,सुविधा, वोटर हेल्पलाइन, वोटर टर्नआउट, वोटर सर्विस पोर्टल सहित अन्य एप्लिकेशन के बारे में भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष के टोल फी नंबर 1800 23 311950 एवं जिला स्तरीय टोल फी नंबर 1950 पर निर्वाचन संबंधित शिकायत दूरभाष के माध्यम से दर्ज कराई जा सकती है। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07774-296291 एवं 07774-296513 पर भी कॉल किया जा सकता है।



## आदर्श आचार सहिता लागू होते ही सूरजपुर पुलिस व प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार, 09 अक्टूबर को सूरजपुर पुलिस व प्रशासन ने शहर में फ्लेग मार्च निकाला। फ्लेग मार्च संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर से शुरू होकर बैकुंठपुर रोड, भैयाथान रोड, केतका रोड होते हुए विश्रामपुर जयनगर के बाद थाना विश्रामपुर में पहुंचा। सूरजपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के नेतृत्व में निकले मार्च में थाना-चौकी सहित पुलिस लाईन के भारी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवानों ने भाग लिया। 2023 चुनाव में आचार संहिता लागू होते ही सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए है और जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय का माहौल देखा गया। मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, एसडीएम रवि सिंह, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, तहसीलदार डॉ. वर्षा बंसल डीएसपी नंदिनी ठाकुर, महालक्ष्मी कुलदीप, प्रशिक्षु डीएसपी स्निग्धा सलामे, रक्षित निरीक्षक रामप्रसाद पैंकरा, अशोक गिरी, थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, थाना प्रभारी विश्रामपुर अलरिक लकड़ा, थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौस, यातायात प्रभारी सुनील सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी।

## आदर्श आचार संहिता लागू होते ही रोका गया भूमिपूजन कार्य



**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** अधिवक्ता संघ सीतापुर के द्वारा दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अधिवक्ता संघ शेड के भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसे उक्त दिनांक को समय 12 बजे आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार सीतापुर रामसेवक पैंकरा के द्वारा मौके पर जाकर कार्य रूकवाया गया एवं पंचनामा तैयार किया गया।

## शस्त्र लायसेंस धारियों को आग्नेय अस्त्र-शस्त्र समीपस्थ पुलिस थाने में जमा करने हेतु आदेश जारी

**अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।** जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी कुंदन कुमार ने आदेश जारी कर आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिये सरगुजा जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लाइसेंसों को जमा करने कहा है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन अस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा 3 के उप क्लाज( बी), धारा 21 के तहत सरगुजा जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले सभी शस्त्र लायसेंसियों को आदेशित किया गया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस



इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र सरगुजा जिले के शस्त्र डीलर, जिनके पास शस्त्र डिपोजिट करने की अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते हैं, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते हैं, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगे। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे।

इस आदेश से सभी मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड,पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, बाल्को माईन्स, एस.ई.सी.एल. माईन्स, राजस्थान राज्य विद्युत वितरण कंपनी, शैक्षणिक संस्थनों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु

CMYK

# फलिस्तीनियों के समर्थन में आए मौलाना फजलुर रहमान

## बोले-इस्राइल पर हमास का हमला ऐतिहासिक सफलता

**इस्लामाबाद,09अक्टूबर 2023।** इस्राइल पर हमास आतंकी द्वारा किए गए हमले को पाकिस्तानी धार्मिक नेता ने ऐतिहासिक सफलता करार दिया है। साथ ही पाक धार्मिक नेता ने कहा कि हम फलिस्तीन के लोगों के साथ खड़े हैं। सोमवार को एक मीडिया रिपोर्ट से यह बात सामने आई।

### फजलुर रहमान ने कहा फलिस्तीनियों को हमले की बधाई

रविवार को पेशावर में पत्रकारों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कहा फलिस्तीन का मुद्दा अभी खत्म नहीं हुआ है। इस्राइल पर हमला इस बात का सबूत है। अपने संबोधन के दौरान जेयूआई-एफ प्रमुख ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि हम अपने फलिस्तीनी भाईयों के साथ हैं। इस्राइल पर हमला एक ऐतिहासिक लड़ाई है।



पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के प्रमुख रहमान ने कहा कि दुनिया सोच रही थी कि फलिस्तीनी मुद्दा खत्म हो गया है। इस तरह की कार्रवाई के लिए मैं फलिस्तीनी लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि हमले ने इस्राइल की रक्षा प्रणाली और उसके अहंकार को खत्म कर दिया है।

### क्या है मामला ?

**शनिवार को गाजा पट्टी स्थित आतंकी समूह हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसके बाद से क्षेत्र में स्थिति तनाव पूर्ण बनी हुई है। आपसी युद्ध में इस्राइल में कम से कम 700 लोग मारे गए और 2,100 से अधिक घायल हुए। वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा पट्टी में इस्राइल के जवाबी हमले में लगभग 500 मौतें हुई हैं और 2,000 से अधिक घायल हुए हैं।**

# सिडनी में इस्राइल के समर्थन में रोशनी से जगमगाया ओपेरा हाउस,विरोध में एकत्र हुए सैकड़ों फिलिस्तीनी

**सिडनी,09 अक्टूबर 2023 ।** आतंकवादी संगठन हमास के हमलों के बाद इस्राइल के समर्थन में ओपेरा हाउस को नीले और सफेद रंग से रोशन किया गया। इसके विरोध में सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थकों ने सिडनी में मार्च किया। इस युद्ध में अब तक इस्राइल के कम से कम 700 लोगों की मौत हो चुकी है। इन मृतकों में वे 260 लोग भी शामिल हैं जो एक संगीत समारोह में शामिल होने गए थे। इनमें से करीब 130 लोगों को बंधक बना लिया गया।




हमास के रॉकेट हमलों के बाद इस्राइल ने गाजा पट्टी में एक बैराज पर हमला कर अपनी जवाबी कार्रवाई शुरू की, जिसमें 80 से अधिक बच्चों सहित 436 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके अलावा, इस्राइल ने गाजा में घनी आबादी वाले इलाकों की बिजली भी काट दी है, जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के लिए गाजा में 2200 से अधिक घायल लोगों का इलाज करना मुश्किल हो गया है। सोमवार शाम करीब छह बजे सैकड़ों लोग ओपेरा हाउस की ओर बढ़ने से पहले सिडनी टाउन हॉल के बाहर इकट्ठा हुए। लोगों ने काले, सफेद, लाल और हरे रंग के कपड़े पहने फिलिस्तीनी झंडे ले रखे थे और रंगभेद, दक्षिण अफ्रीका में गलत, फिलिस्तीन में गलत और स्वतंत्र फिलिस्तीन जैसे संदेशों वाले बैनर लिए हुए थे।

# FIA के दायर आरोप पत्र में इमरान खान

## दोषी करार,17 अक्तूबर को सजा का एलान



**लाहौर,09 अक्टूबर 2023।** सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को दोषी ठहराया गया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि मामले पर 17 अक्तूबर को फैसला आएगा। सुनवाई के दौरान इमरान खान और उनके सह आरोपी पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी के वकीलों को आरोप पत्र की प्रतियां भी सौंपी गई हैं। सुनवाई की अध्यक्षता विशेष अदालत के न्यायाधीश अब्दुल हसनात जुल्करनैन ने की। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई प्रमुख के वकीलों ने जेल वैन में इमरान खान से मुलाकात की। रावलपिंडी की अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान अभियोजक जुल्फिकार अब्बास नकवी, इमरान खान के वकील सलमान सफदर और उनकी पार्टी के नेता शाह महमूद कुरैशी की बेटी और बेटा भी उपस्थित थे।

वहीं अभियोजक नकवी ने सूचित किया कि अदालत को सभी आवश्यक प्रतियां उपलब्ध करा दी गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालत ने सभी सरकारी गवाहों को आरोप पत्र के साथ 17 अक्तूबर को तलब करने का निर्देश जारी किया। एफआईए द्वारा एक विशेष अदालत में दायर आरोप पत्र में इमरान खान के प्रमुख सहयोगी कुरैशी पर पूर्व प्रधानमंत्री को सुविधा प्रदान करने का भी आरोप लगाया गया।

### क्या है मामला ?

इमरान खान को पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में देश के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) का खुलासा करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार में विदेश मंत्री, पीटीआई के उपाध्यक्ष कुरैशी भी इस मामले में फंसे हुए हैं। 26 सितंबर को मामले की आखिरी सुनवाई में उनकी न्यायिक हिरासत 10 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी।

# रक्षा मंत्री ने दिया गाजा की पूर्ण घेराबंदी का आदेश,

## बिजली-भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद करने को कहा

**यरूशलम,09अक्टूबर 2023 ।** हमास के ताजा रॉकेट हमलों के बाद अब इस्राइल ने लंबे युद्ध का एलान किया है। इस बीच, इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने सोमवार को गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया है। गाजा पट्टी पर हमास का शासन है। आतंकवादी समूह द्वारा दो दिन पहले किए गए हमलों में सात सौ से ज्यादा इस्राइली नागरिकों की मौत हो चुकी है।

### आतंकवादियों को उनके हिसाब से जवाब देंगे: इस्राइली रक्षा मंत्री



गैलेंट अभी इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के दक्षिणी कमान के प्रमुख मेजर जनरल यारोन फिंकेलमैन के साथ एक परिचालन मूल्यांकन कर रहे हैं। गैलेंट के हवाले से बयान में कहा गया है, ÷मैंने गाजा की पूरी तरह से घेराबंदी का आदेश दिया है। (गाजा को) बिजली, भोजन या ईंधन नहीं दिया जाएगा। हम आतंकवादियों से लड़ रहे हैं और उसी के हिसाब से जवाब देंगे।÷

### गाजा की पूर्ण घेराबंदी के होंगे दूरगामी परिणाम

गाजा अपनी बुनियादी जरूरतों की आपूर्ति के लिए काफी हद तक इस्राइल पर निर्भर रहता है और इस तरह के फैसले से घनी आवादी वाले इस क्षेत्र में रहने वाले 23 लाख लोगों के लिए दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। रॉकेट हमलों के बाद हमास के लड़ाकों को शनिवार को तटीय क्षेत्र की सड़कों पर जश्न मनाते देखा गया था, जबकि आम लोग जवाबी हमलों के डर से बुनियादी जरूरत की चीजों को इकट्ठा करते हुए देखा गया।

### करीब पांच सौ फिलिस्तिनियों के मारे जाने की खबर

दक्षिण इस्राइली शहरों की तरह पिछले दो दिनों से गाजा की सड़कें पूरी तरह से सुनसान नजर आ रही हैं। इस्राइल की ओर से गाजा में किए जा रहे हवाई हमलों के बीच पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया गया है। हवाई हमलों में अब तक करीब पांच सौ फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबर है।

### हवाई हमलों में मारे गए चार इस्राइली बंदी: हमास

हमास के इज अद-दीन अल-कसम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबेदा ने दावा किया कि गाजा पट्टी में इस्राइल की बमबारी में चार इस्राइली बंधक भी मारे गए हैं। शनिवार को शुरू हुए इस हमले में हमास और इस्लामिक जिहाद ने सौ से अधिक इस्रालियों को बंदी बना लिया है, जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल हैं। ओबेदा ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा, गाजा पट्टी पर आज रात बमबारी में दुश्मन के चार कैदी मारे गए और उनके अपहरणकर्ता, कसम मुजाहिदीन की शहादत हुई।

# सबसे बड़े हिंदू मंदिर में विशेष प्रार्थना

## 183 एकड़ परिसर में फैला है न्यू जर्सी का अक्षरधाम

**अमेरिका,09 अक्टूबर 2023।** अमेरिकी शहर रॉबिंसविले में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन किया गया। भारत से सात समंदर पार हिंदू मंदिर का निर्माण और उद्घाटन श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ था। न्यू जर्सी में बनकर तैयार हुए इस मंदिर के उद्घाटन के बाद आठ सितंबर को (अमेरिकी समयानुसार) विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया।

### 183 एकड़ जमीन पर अक्षरधाम मंदिर





रविवार, 8 अक्टूबर को छुट्टी का मौका होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु न्यू जर्सी के रॉबिंसविले में बने बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम में प्रार्थना में शामिल होने पहुंचे। मंदिर के बारे में आई रिपोर्ट्स के अनुसार, इसका निर्माण 183 एकड़ में कराया गया है। सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन होने के बाद वैदिक रीति से पूजा अनुष्ठान और मंत्रोच्चार भी देखा गया।

### सबसे भव्य स्वामीनारायण अक्षरधाम

अमेरिका में बने बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम के बारे में कहा जाता है कि ये भारत के बाहर अब तक का सबसे भव्य अक्षरधाम मंदिर हो सकता है। मंदिर का निर्माण 2015 में शुरू हुआ और इसका उद्घाटन 8 अक्टूबर को महंत स्वामी महाराज और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में हुआ।

### मंदिर के उद्घाटन पर विदेश राज्यमंत्री का बयान

इससे पहले केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने अक्षरधाम के भव्य उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर एक बधाई संदेश में उन्होंने लिखा, ÷रॉबिन्सविले, न्यू जर्सी में अक्षरधाम के भव्य उद्घाटन पर बधाई! यह क्षण भारत के लिए बहुत गर्व का है।÷ उन्होंने इस मंदिर को सामूहिक समर्पण और एकता का प्रतीक करार दिया। विदेश राज्यमंत्री ने बताया कि अक्षरधाम का निर्माण पूज्य गुरु महंत स्वामी महाराज और गुरु प्रमुख स्वामी महाराज के दूरदर्शी मार्गदर्शन का प्रमाण है।

### वैश्विक मंच पर भारत की पहचान

सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डीएल मुरुगन ने स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर के उद्घाटन पर कहा कि ये वैश्विक मंच पर भारतीय उत्कृष्टता का एक और उदाहरण है। इस परियोजना की सफलता के लिए 12 वर्षों के अथक समर्पण की जरूरत थी। पूरे उत्तरी अमेरिका में 12,500 से अधिक स्वयंसेवक, हमारी सामूहिक शक्ति का प्रमाण हैं।

### भक्ति का चमत्कार! कला और आध्यात्म का मिश्रण

मंदिर प्रबंधन और श्रद्धालुओं का मानना है कि 183 एकड़ में फैला विशाल मंदिर सोमवार से जनता के लिए खुला रहेगा। अक्षरधाम परिसर में पत्थर का महामंदिर, शिल्प कौशल और भक्ति का चमत्कार है। जो आध्यात्मिक महत्व के साथ जटिल कलात्मकता का मिश्रण है।

# हम इस्राइल के साथ खड़े हैं,हमास के हमले के खिलाफ एकजुट हुए अमेरिका में रहने वाले भारतवंशी





**वाशिंगटन, 09 अक्टूबर 2023 ।** आतंकी संगठन हमास और इस्राइल के बीच संघर्ष जारी है। इन हमलों में अभी तक एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के हमलों के बाद भारतीय अमेरिकी इस्राइल के पक्ष में उतर आए हैं। राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से दो उम्मीदवारों निक्की हेली और विवेक रामास्वामी समेत भारतीय मूल के अमेरिकियों ने कहा कि हम इस्राइल के साथ हैं।

गौरतलब है, आतंकी संगठन हमास ने गाजा से शनिवार की सुबह अचानक इस्राइली शहरों पर ताबड़तोड़ रॉकेट दाग दिए थे। यही नहीं, हमास के बंदूकधारी इस्राइली शहरों में भी घुस गए और कुछ सैन्य वाहनों पर कब्जा कर हमले किए। कई इस्राइली सैनिकों को बंधक भी बना लिया। इस पर इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास के प्रमुख बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए कई जवाबी हवाई हमले किए। संघर्ष में अभी तक कुल एक हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

### हमास, हिजबुल्लाह, हूती और ईरानी...

रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हेली ने कहा, 'हमास और उनका समर्थन करने वाले समर्थक, ईरानी शासन इस्राइल मुर्दाबाद, अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। यही हमें याद रखना चाहिए। हम इस्राइल के साथ हैं क्योंकि हमास, हिजबुल्लाह, हूती और ईरानी समर्थक हमसे नफरत करते हैं।' उन्होंने कहा, %हमें याद रखना होगा कि जो इस्राइल के साथ हुआ वह यहां अमेरिका में भी हो सकता है। मुझे उम्मीद है कि हम सभी एकजुट होंगे और इस्राइल के साथ खड़े होंगे क्योंकि उन्हें सही में अभी हमारी जरूरत है।' हेली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर एक पोस्ट में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास को खत्म करने को कहा।

### साल 2007 से गाजा पट्टी पर शासन कर रहा हमास

बता दें, हमास एक फलस्तीनी इस्लामी आतंकवादी समूह है, जिसने साल 2007 से गाजा पट्टी पर शासन किया है। गाजा पट्टी में करीब 23 लाख लोग रहते हैं। यह 41 किमी लंबा और 10 किमी चौड़ा क्षेत्र है जो , मिस्र और भूमध्य सागर से घिरा हुआ है।

हमास हमला

# इजराइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल पर 250 से अधिक शव मिले

**यरुशलेम, 09 अक्टूबर 2023 ।** आतंकवादी हमलों के बाद मानव अवशेषों को संभालने वाले स्वयंसेवी समूह जाका के एक प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा कि उन्होंने अब तक इजराइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल से 250 से अधिक शव निकाले हैं। दक्षिणी इजराइल में किबुत्ज़ रीम के पास फेस्टिवल में भाग लेने वाले युवाओं के कई माता-पिता शनिवार से अपने लापता बच्चों की खबर के लिए उत्सुकता से खोज रहे हैं।



पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि इजरायली म्यूजिक फेस्टीवल पर हुआ भयानक हमला शनिवार सुबह इजरायल में हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े हमले में से एक था।

बंदूकधारियों ने घटनास्थल पर मौज-मस्ती कर रहे कई लोगों को मार डाला और एक को बंधक बना लिया।

गाजा-इजरायल सीमा के पास एक ग्रामीण खेत क्षेत्र में आउटडोर नोवा फेस्टिवल कार्यक्रम में यहूदी छुट्टी का जश्न मनाते हुए पूरी रात की एक डांस पार्टी होनी थी। लेकिन जैसे ही सुबह हुई, उन्हें सायरन और रॉकेट की आवाज़ें सुनाई देने लगीं।

हमारे पास छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी। हम खुली जगह पर थे। सब घबरा गए और अपना सामान उठाने लगे।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सैकड़ों लोग अपनी कारों की ओर जाते हुए, या खाली मैदान में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाजें गूंज रही हैं।

इजराइल ने औपचारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दी। हमास हमले में मरने वालों की संख्या 700 से ऊपर हो गई है और इसके और बढने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अगवा कर गाजा पट्टी ले जाए गए सौ से अधिक लोगों के बारे में अभी कुछ पता नहीं है।

# इस्राइल पर हमास के हमले में भारतीय महिला घायल,10 नेपाली नागरिकों की मौत

**तेल अवीव,09 अक्टूबर 2023।** इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले में घायल लोगों में एक भारतीय महिला भी शामिल है। महिला भारतीय राज्य केरल की निवासी है और बीते कई सालों से इस्राइल में रहकर काम कर रही थी। महिला की हालत गंभीर है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं हमास के हमले में 10 नेपाली नागरिक भी मारे गए हैं। नेपाल के दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

### इस्राइल पर हमले का शिकार हुई भारतीय महिला

हमास के हमले में घायल हुई महिला की पहचान शीजा आनंद (41 वर्षीय) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भारतीय महिला रॉकेट हमले में घायल हुई है, जिसका इस्राइल के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शीजा आनंद ने केरल में रह रहे अपने परिवार से बात कर अपने सुरक्षित होने की जानकारी दी थी लेकिन बातचीत के दौरान ही उसका फोन कट गया। बाद में इस्राइल में ही रहने वाले केरल के एक निवासी ने शीजा के परिवार के बताया कि हमले में शीजा घायल हो गई है और उसका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला की एक सर्जरी हो चुकी है और दूसरी सर्जरी जल्द होनी है। शीजा आनंद बीते आठ सालों से इस्राइल में रहकर एक परिवार की देखभाल का काम कर रही है।



### 10 नेपाली नागरिकों की मौत

हमास के हमले में नेपाल के 10 नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं चार अन्य नेपाली नागरिक घायल हुए हैं और एक लापता है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। नेपाली विदेश मंत्रालय ने बयान में बताया कि इस्राइल के किबूज एलुमिम के एक कृषि फार्म में 17 नेपाली नागरिक काम कर रहे थे। हमास के हमले में इनमें से 10 नेपाली नागरिकों की मौत हो गई है। वहीं दो सुरक्षित बच गए। चार अन्य नेपाली नागरिक घायल हुए हैं और एक लापता है। येरूशलम स्थित नेपाली दूतावास ने भी हमास के हमले में 10 नेपाली नागरिकों के मारे जाने की बात कही है। फिलहाल इन नेपाली नागरिकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही लापता नेपाली नागरिक की तलाश की जा रही है। शवों को जल्द ही नेपाल लाया जाएगा। नेपाल की सरकार ने इस्राइल सरकार से घायलों की मदद की अपील की है। नेपाली विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा है कि इस्राइल में काम कर रहे जो नेपाली नागरिक वापस आना चाहते हैं, उन्हें लाने के लिए भी इस्राइल सरकार से मदद मांगी जाएगी।

### हमास के हमले से दुनिया स्तब्ध

बता दें कि शनिवार को आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर अप्रत्याशित हमला कर दिया। पहले हमास ने इस्राइल पर हजारों रॉकेट दागे और फिर उसके आतंकियों ने इस्राइल की सीमा में घुसकर वहां के सीमावर्ती इलाकों में भारी तबाही मचाई और बड़े पैमाने पर लोगों को मौत के घाट उतार दिया। हमास के हमले में इस्राइल में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और सैंकड़ों की संख्या में लोग घायल हैं। कई लोगों को हमास द्वारा बंधक बना लिया गया है। इस हमले के जवाब में इस्राइली वायुसेना ने गाजा पट्टी पर हमास के ठिकानों पर बम बरसाएं। इस्राइली हमले में गाजा पट्टी के 400 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है।

# आभार कार्यक्रम में नहीं रही ग्राम जनों की बेहतर उपस्थिति

# क्या भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का किया था भरसक प्रयास?

### भाजपा नेताओं ने विधायक के तंज पर भी बजाई ताली,सबसे उत्साहित दिखे भाजपा के दो वरिष्ठ नेता

### ग्राम पंचायत पटना को मिला नगर पंचायत का दर्जा,क्षेत्रीय विधायक का हुआ अभिनंदन कार्यक्रम

### कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी मंच पर पहुंचकर जताया क्षेत्रीय विधायक का आभार,दिया धन्यवाद

### जनपद सदस्य ने सम्हाला मंच,किया मंच संचालन,बताया नगरीय निकाय में शामिल होने का महत्व

### आदिवासी नेताओं की अनुपस्थिति ने खड़े किए सवाल,निर्णय को लेकर उनकी सहमति नहीं

### आदिवासी वरिष्ठ नेता कार्यक्रम से रहे दूर,ग्राम से पूर्व सांसद रह चुके विधायक रह चुके,जिला पंचायत रह चुके पूर्व सरपंच रह चुके आदिवासी नेताओं ने बनाई रखी दूरी

### सरपंच ग्राम पंचायत ने भी किया विधायक के प्रति आभार व्यक्त,जो कर सकी आगे उससे ज्यादा होगा विकास नगर पंचायत बनने के बाद

### भाजपा के दो वरिष्ठ नेताओं की खुशी सबसे अधिक की गई महसूस,पार्टी लाइन छोड़कर उत्साह उनका झलक आया सामने

### विधायक ने कहा पटना पहले ही बन सकता था नगर पंचायत,पूर्व सरकार ने रोका पहले हो सकने वाला विकास

### कांग्रेस के भी वरिष्ठ नेताओं को क्षेत्र के नहीं किया गया कार्यक्रम में आमंत्रित,कार्यक्रम पूरी तरह एक कांग्रेस में नए नए शामिल नेता के रहा अधीन

### कार्यक्रम में हर बात पर ताली बजाते भाजपा के वरिष्ठ दो नेताओं पर टिकी रही लोगों की नजर,हर बात में ताली उनकी फितरत दिखी

### नगर पंचायत की खुशी में पटना ग्राम के ज्यादातर लोगों को नहीं किया गया आमंत्रित,खास लोगों के बीच किया गया विधायक का आभार प्रदर्शन

### पटना क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य को भी नहीं किया गया आमंत्रित, अन्य क्षेत्र के जनपद सदस्य ने खुद से दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

## नगर पंचायत की घोषणा के बाद ग्राम की आबादी दो हिस्सों में बंट गई है...

इस बीच बताया यह भी जा रहा है की नगर पंचायत की घोषणा के बाद ग्राम की आबादी दो हिस्सों में बंट गई है जिसमे एक हिस्सा नगर पंचायत के पक्ष में है वहीं दूसरा हिस्सा विरोध में,विरोध करने वालों ने आपत्ति भी नियमानुसार दर्ज की है वह आगे उच्च न्यायालय तक जाकर नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर विरोध दर्ज करेंगे यह उनकी तैयारी है, इस बीच विधायक के आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान भी ग्राम की आबादी को दो हिस्सों में ही बंटा हुआ देखा गया जिसमे एक हिस्सा मौजूद रहा कार्यक्रम में जिसमे कुछ खास बाजारपारा निवासी खासकर व्यापारी समूह के अलावा अन्य कम ही नजर आए शेष ने कार्यक्रम में ही आना मुनासिब नहीं समझा और जो उपस्थित हो सके उन्ही के बीच आभार प्रदर्शन विधायक का किया गया। कार्यक्रम में विरोध दर्ज करने वालों को बुलाया भी नहीं गया यह भी बताया जा रहा है जिनकी सहमति थी वह पहुंचे शेष पूर्व उप सरपंच ने जिन्हे बुलाया वह पहुंचे।

## यह नहीं देखे कार्यक्रम में

खासबात यह भी रही की इस कार्यक्रम आभार प्रदर्शन में ग्राम क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य जो ग्राम के ही मतदाताओं द्वारा फिलहाल निर्वाचित हैं उन्हे नहीं बुलाया गया या बुलाया भी गया तो वह उपस्थित नहीं हुए, वहीं अन्य क्षेत्र के जनपद सदस्य ने उपस्थित होकर नगर पंचायत की महत्ता से उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया वहीं उन्ही के द्वारा मंच संचालन भी किया गया। सबसे अजीब इस आभार प्रदर्शन की जो घटना रही उसमे यह देखा गया की सत्ताधारी दल के द्वारा घोषित नगर पंचायत की घोषणा उपरांत सत्ताधारी दल की विधायक के आभार प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने खुले दिल से हिस्सा लिया और उसमे भी सबसे विचित्र बात यह देखी गई की कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के द्वारा ताली भी सबसे ज्यादा बजाई गई।

## नगर पंचायत का दर्जा 20 वर्षों से रुका रहा

विधायक ने जहां ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के अपने प्रयासों को लेकर यह कहा की यह काम 20 वर्ष पूर्व ही हो जाना था ग्राम के विकास को 20 वर्षो से रोके रखा गया था पूर्व की सरकार द्वारा वहीं उन्होंने नगर पंचायत नहीं बनाए जाने को लेकर पूर्व सरकार को जमकर कोसा,इस दौरान भाजपा के दो वरिष्ठ नेता जो मंचासिन थे उन्होंने इस बात पर भी ताली बजाई और कहीं न कहीं स्वीकार किया की उन्होंने वह प्रयास नहीं किया ग्राम को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने को लेकर जो वर्तमान सरकार और विधायक ने किया और जो संभव हुआ।

## नगर पंचायत हो जाने के बाद बढ़कर अनुदान मिल सकेगा

कार्यक्रम में वर्तमान सरपंच का उद्बोधन भी काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, उन्होंने यह कहकर नगर पंचायत का समर्थन किया की अभी तक ग्राम पंचायत स्तर पर मिलने वाले अनुदानों से किसी तरह उनके द्वारा ग्राम विकास का कार्य किया जा रहा है जो आगे नगर पंचायत हो जाने के बाद बढ़कर अनुदान मिल सकेगा और विकास तेजी से हो सकेगा।

## पार्षद भी कहकर संबोधित किया

आभार कार्यक्रम संपन्न हुआ,विधायक ने उपस्थित सरपंच सहित पंचों को अध्यक्ष सहित पार्षद भी कहकर संबोधित किया, उपस्थित ग्राम जनों को बधाई भी उन्होंने दिया,उन्होंने यह भी कहा की अभी पूरी तरह यह अभियान संपन्न नहीं हुआ है कुछ बढ़ाएं आएंगी जो दूर की जाएगी यह मैं विश्वास दिलाती हूं। कार्यक्रम में पूर्व उप सरपंच पटना ने अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी थी और उनका प्रयास लगभग सफल भी नजर आया।



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम पंचायत पटना को नगर पंचायत बनाने के लिए बैकुंठपुर विधायक सिद्दत से लगी हुई हैं वहीं इस अभियान में उनका साथ पटना ग्राम पंचायत के पूर्व उप सरपंच दे रहे हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री के ग्राम आगमन पर भी नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया था और माना जाता है की उसी प्रदर्शन से मुख्यमंत्री प्रेरित हुए थे और उन्होंने नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा थी कार्यवाही भी चालू हुई लेकिन बीच में यह अभियान कुछ दिनों तक ठंडा नजर आया और लगा की शायद नगर पंचायत की घोषणा घोषणा ही रह जाए और इसका गठन शायद ही हो पाए लेकिन सितंबर माह के आखिर सप्ताह के बाद से इसकी प्रक्रिया में गति देखी गई और देखा गया की पटना ग्राम पंचायत नगर पंचायत बनाया जाए इसको लेकर प्रशासन चुस्त नजर आया और इसी बीच प्रशासन की चुस्त कार्यवाही देखने को भी मिली और अधिसूचना भी जारी हुई,अधिसूचना जो जारी हुई उसके अनुसार दावा आपत्ति का फिलहाल समय दिया गया है और जिसे नगर पंचायत बनाए जाने को लेकर आपत्ति है वह अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है यह अधिसूचना प्रकाशन का उद्देश्य है इसी बीच अधिसूचना का प्रकाशन होने उपरांत ही ग्राम के कुछ लोगों को अत्यंत उत्साह में देखा गया और उन्ही के द्वारा विधायक का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया जो रविवार को संपन्न हुआ। यह खबर सोशल मीडिया में पोस्ट वीडियो व जन चर्चा के आधार पर तयार किया गया है।

## क्या एक भी योग्य कांग्रेस नेता नहीं थे पटना में जो मंच का संचालन कर सके?

ताजुब यह भी माना गया की जिस ग्राम का नगर पंचायत में उन्नयन हुआ उस पंचायत से जो नगर पंचायत का दर्जा पाने जा रहा है एक योग्य ऐसा कांग्रेस नेता सामने नहीं आ सका जो मंच का भी संचालन कर सके। मंच संचालन करने के लिए भी त्रि स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत निर्वाचित एक जनप्रतिनिधि का सहारा लेना पड़ा पटना ग्राम या कहें भविष्य के नगर पंचायत वासियों को,यह भी चर्चा देखी सुनी गई।

## कुछ भाजपा तो कुछ कांग्रेस नेता तो कुछ व्यापारी ने हिस्सेदारी निभाई और कार्यक्रम संपन्न हुआ

वैसे कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ आदिवासी नेताओं की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक रह चुके ग्राम के सम्मानित व्यक्ति इस दौरान अनुपस्थित रहे, पूर्व सरपंच रह चुके साथ ही जिला पंचायत कोरिया के प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके ग्राम के वरिष्ठ आदिवासी नेता भी कार्यक्रम से दूर रहे वहीं ग्राम के पूर्व सरपंच रहे साथ ही ग्राम विकास में लगातार योगदान देने वाले ग्राम के वरिष्ठ आदिवासी नेता भी कार्यक्रम से नदारत रहे। कुल मिलाकर कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने कुछ हिस्सेदारी निभाई वहीं कुछ कांग्रेस नेताओं ने हिस्सेदारी निभाई कुछ व्यापारी वर्ग ने हिस्सेदारी निभाई और कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय रही, ग्राम पटना से सीधा जुड़ाव रखने वाले हर दुख सुख में सभी के शामिल होने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेश शुक्ला सहित जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी की अनुपस्थिति नजर आई और सवाल खड़ा हुआ की क्या उन्हे बुलाया नहीं गया या बुलावे के बाद वह नहीं पहुंचे, वैसे बताया जा रहा है की हाल फिलहाल विधायक से जुड़कर उनके खास बन चुके एक कांग्रेस नेता की बातें आयोजकों ने मानी और उनके बताए अनुसार ही अतिथि बुलाए गए और ग्राम जन बुलाए गए।

## कार्यक्रम की झलकियां जो चर्चा की वजह बनी

चर्चा 1: ग्राम को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर विधायक के आभार प्रदर्शन के लिए आयोजित कार्यक्रम में संख्या ग्राम जनों की कम नजर आई,जो चर्चा का विषय बनी।

चर्चा 2: ग्राम के वरिष्ठ आदिवासी नेताओं ने कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी और कार्यक्रम में उन्होंने शिरकत नही की,इसे उनकी असहमति स्वरूप माना गया।

चर्चा 3: ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा मिला,ग्राम स्तर में विधायक का सम्मान कार्यक्रम रखा गया,कार्यक्रम में ग्राम के ही अधिकांश कांग्रेसी नहीं नजर आए जो चर्चा सुनी गई।

चर्चा 4: कार्यक्रम में आसपास के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को नहीं बुलाया गया और इसकी वजह भी अज्ञात रही इसको लेकर भी चर्चा सुनी गई,जबकि कई कांग्रेसी नगर पंचायत के समर्थक माने जाते थे और समय समय पर मांग का समर्थन करते थे।

चर्चा 5: नगर पंचायत के लिए अधिसूचना जारी होने पर पहले कुछ कांग्रेस नेताओं ने इस उपलब्धि को पटना चौरासी के लिए उपलब्धि निरूपित किया था सोशल मीडिया में ,आभार प्रदर्शन सहित स्वागत कार्यक्रम में विधायक के पटना चौरासी के वरिष्ठ जनों सहित ग्राम जनों को नहीं किया गया आमंत्रित यह भी चर्चा सुनी गई।

चर्चा 6: भाजपा नेताओं को मंचासीन देखकर भी बातें सामने आईं, उनका बात बात पर ताली बजाना लोगों को काफी रास आया और बाद में यह भी लोग कहते सुने गए की नगर पंचायत की घोषणा का सबसे ज्यादा उत्साह भाजपा नेताओं में देखा गया जिन्होंने कुर्सी सबसे पहले पकड़ी कार्यक्रम में और छोड़ी सबसे बाद में,लोग यह भी कहते सुने गए की भाजपा नेताओं को नगर पंचायत का सबसे ज्यादा इंतजार है,उनका कुछ निजी स्वार्थ है जो नगर पंचायत बनने उपरांत ही पूरा हो सकेगा इसलिए वह उत्साहित नजर आए पार्टी लाइन के विपरीत जाकर मंच साझा किया वहीं उन्होंने तब भी ताली बजाई जब विधायक ने पिछली भाजपा सरकार को कोसने का काम किया।

चर्चा 7: विधायक ने भी इसे अपनी उपलब्धि बतौर साबित करने का कोई मौका नहीं छोड़ा और उन्होंने कई अन्य लाभ भी गिनाने की कोशिश की जो नगर पंचायत का दर्जा मिलने उपरांत मिलने की बात उन्होंने कही।

चर्चा 8: आधी आबादी भी कार्यक्रम में नहीं हुई शामिल,उत्साह बाजारपारा तक ही देखा गया सिमटा,विधायक के सम्मान सहित उनके प्रति आभार के लिए पूर्व उप सरपंच ने जिसे जरूरी समझा उसे ही किया आमंत्रित।

# कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक हुई संपादित



-संवाददाता-
सूरजपुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के लिए आम निर्वाचन की घोषणा आज कर दी गई है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष / प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित रखी थी। जिसमें निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी मुहैया करायी गयी। जिसमें उन्हें बताया कि सूरजपुर जिले में 01 पूर्ण एवं 03 विधानसभा आंशिक है इस प्रकार सूरजपुर जिले में 04 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव (300 मतदान केंद्र सूरजपुर जिले एवं 06 मतदान केंद्र सरगुजा जिले के) एवं 06 प्रतापपुर (152 मतदान केंद्र सूरजपुर जिले के एवं 144 मतदान केंद्र बलरामपुर-रामानुजगंज के) तथा विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर के 01 मतदान केंद्र (03 गेतरा) सूरजपुर में शामिल है। जिले में कुल 728 मतदान केंद्र है। ( शहरी 53 ग्रामीण 675) निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 प्रतापपुर विधानसभा के सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। शेष विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर एवं 05 भटगांव सामान्य सीट है। इसके साथ ही निर्वाचन के गतिविधियों के तहत निर्वाचन गतिविधियां में निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 21 अक्टूबर 2023, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का तिथि 31 अक्टूबर 2023, नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023, मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023, मतगणना की तिथि 03 दिसम्बर 2023 तथा निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति 05 दिसम्बर 2023 को निर्धारित की गई है। इस बैठक में राजनैतिक दलों के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा पर कलेक्टर ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस

-संवाददाता-
सूरजपुर,09 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के लिए आम निर्वाचन की घोषणा आज कर दी गई है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता की। जिसमें निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी मुहैया करायी गयी। जिसमें उन्हें बताया कि सूरजपुर जिले में 01 पूर्ण एवं 03 विधानसभा आंशिक है इस प्रकार सूरजपुर जिले में 04 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव (300 मतदान केंद्र सूरजपुर जिले एवं 06 मतदान केंद्र सरगुजा जिले के) एवं 06 प्रतापपुर (152 मतदान केंद्र सूरजपुर जिले के एवं 144 मतदान केंद्र बलरामपुर-रामानुजगंज के) तथा विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर के 01 मतदान केंद्र (03 गेतरा) सूरजपुर में शामिल है। जिले में कुल 728 मतदान केंद्र है। ( शहरी 53 ग्रामीण 675) निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 प्रतापपुर विधानसभा के सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। शेष विधानसभा क्षेत्र 04 प्रेमनगर एवं 05 भटगांव सामान्य सीट है। इसके साथ ही निर्वाचन के गतिविधियों के तहत निर्वाचन गतिविधियां में निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन 21 अक्टूबर 2023, नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का तिथि 31 अक्टूबर 2023, नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवम्बर 2023, मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023, मतगणना की तिथि 03 दिसम्बर 2023 तथा निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति 05 दिसम्बर 2023 को निर्धारित की गई है। इस बैठक में पत्रकार बन्धु एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ओल्ड इस गोल्ड के तर्ज पर भाजपा की दूसरी लिस्ट में एक बार फिर पुराने चेहरे को मिली जगह

## रामपुर से ननकीराम,पाली तानाखार से रामदयाल उइके व कटघोरा से प्रेमचंद पटेल को मिली टिकट

-संवाददाता-
कोरबा,09 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी करने में भाजपा ने प्रतिद्वंदी कांग्रेस पार्टी से आगे निकल गई। जहां करीब एक माह पूर्व प्रत्याशियों को पहली लिस्ट जारी की गई थी जिसमें कोरबा विधानसभा से लखनलाल देवांगन को टिकट मिला है। वहीं निर्वाचन आयोग के चुनाव घोषणा के साथ ही भाजपा ने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी।जिसमें 64





विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों को टिकट मिला है। अब भाजपा ने प्रदेश के 90 सीटों में से कुल 85 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया गया है। जबकि कांग्रेस ने अभी तक किसी भी सीट से प्रत्याशी का नाम जारी नहीं कर सकी है। प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी होने से पूर्व कुछ सीटों में यह कयास लगाया जा रहा था के इस बार नए चेहरों को टिकट दिया जायेगा पर भाजपा ने ओल्ड इस गोल्ड की तर्ज पर एक बार फिर पुराने चेहरों पर दांव लगाया है ।खास बात यह है कि लखनलाल देवांगन को कोरबा विधानसभा से टिकट मिलने पर शहर के भाजपा नेता कटघोरा से उम्मीद लगा बैठे थे। कुछ पाली तानाखार में भी जगह तलाश रहे थे। रामपुर से भी भाजपा के दिग्गज जनप्रतिनिधि ननकीराम को हटाकर नए को मौका देने का भी चक्रव्यूह तैयार किया गया था। वहीं सोशल मीडिया में शहर के कई बड़े नेता दावा ठोकते हुए प्रत्याशी के तौर पर आगे चल रहे थे, लेकिन लिस्ट जारी होते ही वे दौड़ से बाहर हो गए। आगे देखना है कि ऐसे नेता चुनाव में क्या कदम उठाते हैं, वे 'हम साथ-साथ है' या 'हम आपके हैं कौन' का राग अलापेंगे।

# निर्वाचन 2023 के तहत आचार संहिता लगते ही प्रशासन आया एक्शन मोड पर,उतारे जाने लगे होर्डिंग और फ्लैक्स




-संवाददाता-
कोरबा,09 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दिया गया है। जिसके बाद जिले में प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू की गई है। इसके तहत शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिग आदि प्रचार की युक्तियों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिसका नजारा दोपहर में दिखा जब नगर निगम के कर्मचारी सरकारी खंभे, भवन समेत अन्य जगह लगे होर्डिंग और फ्लेक्स उतार कर जब्त करने की कार्यवाही करते दिखे । नगर निगम की अलग-अलग टीम शहर में राजनीतिक पार्टियों के साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगाए गए होर्डिंग और फ्लेक्स को उतारने और जब्त करने की कार्यवाही की। साथ ही शहर में लोगों के बीच इस बात की भी चर्चा होते दिखा के अब आचार संहिता लग जाने से किसी भी राजनीति पार्टी और नेताओं की नहीं चलेगी । वहीं दूसरी ओर पुलिस भी चेकिंग में जुट गई है । शाम से शहर के प्रमुख सड़कों के अलावा जिले की सरहदों पर भी ताबड़तोड़ चेकिंग शुरू होने की बात सामने आ रही है । नगर निगम के महापौर ने चुनाव आचार संहिता लगने का पता चलते ही सरकारी गाड़ी को नगर निगम के कर्मशाला में प्रभारी इंजीनियर को गाड़ी की चाबी सौंपकर जमा कराया , वहीं निर्वाचन-2023 के लिए तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के द्वारा सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल को आगामी आदेश तक के लिए भी स्थगित कर दिया गया है।

# विधानसभा आम निर्वाचन 2023: जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत शीघ्रता से की जा रही है कार्यवाही



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आज 09 अक्टूबर 2023 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के आदेशानुसार संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों में लगाए गए पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिग आदि प्रचार की युक्तियों को हटाने की शीघ्रता से कार्यवाही की जा रही है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों तथा शासकीय भवनों एवं निजी भवनों के परिसरों तथा अन्य क्षेत्रों से संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिसके अंतर्गत राजनैतिक सबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सी, दीवार लेखन, राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि शीघ्रता से हटवाया जा रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों के पोस्टरों को हटाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और समय पर सभी बैनर पोस्टरों को हटा लिये जाएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह कार्य शासकीय सम्पत्ति, शासकीय कार्यालय से 24 घण्टे के भीतर तथा सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सड़क-पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाये गये होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभे एवं वृक्षों पर लगाये गये बैनर पोस्टरों को 48 घण्टे के भीतर हटाया जायेगा। निजी घरों में किये गये दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घण्टे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार और एसपी सुनील शर्मा ने आदर्श आचार संहिता लागू होते ही फ्लैग मार्च कर शहर का लिया जायजा

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।



अम्बिकापुर 09 अक्टूबर 2023/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के साथ अम्बिकापुर शहर में फ्लैग मार्च कर आदर्श आचार संहिता के पालन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा की जा रही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा होते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो चुकी है। सरगुजा जिले में 17 नवंबर को मतदान होगा। आदर्श आचार संहिता के तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही शीघ्रता से की जा रही है और अनवरत जारी है।

जिले में समस्त आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं। धारा 144 प्रभावशील हो चुकी है। राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई है। धारा 144 लागू होने के साथ ही कोलाहल अधिनियम के नियमों के पालन संबंधी आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। फ्लैग मार्च के माध्यम से शहर को व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा तेजी से कार्यवाही करते हुए कम समय में ही बेहतर काम किया जा रहा है एवं समय सीमा के भीतर समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी। गौरतलब है कि संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह कार्य शासकीय सम्पत्ति, शासकीय कार्यालय से 24 घण्टे के भीतर तथा सार्वजनिक स्थल जैसे-रेल्वे स्टेशन, बस स्टॉप, सड़क-पुल के किनारे सरकारी खर्च पर लगाये गये होर्डिंग, राजनैतिक विज्ञापन, राजनीति में सक्रिय व्यक्तियों के चित्र, संदेश वाले विज्ञापन, बिजली के खंभे एवं वृक्षों पर लगाये गये बैनर पोस्टरों को 48 घण्टे के भीतर हटाया जायेगा। निजी घरों में किये गये दीवार लेखन, राजनैतिक विज्ञापन को 72 घण्टे के भीतर हटाने की कार्यवाही की जायेगी।


## कार्यालय नगर पंचायत, लखनपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)

EMAIL.CMOLAKHANPUR@GMAIL.COM. WWW.NPLAKHANPUR.IN PHONE - 07774-261501

क्रमांक/1031/स्था./न.पं./2023-2024 लखनपुर, दिनांक - 09/10/2023

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकत पंजीयन प्रणली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 149472 | Constraction/laying of Drinking Water pipe Line at Defferent Ward/places at Nagar Panchayat Lakhanpur Area (PHE SOR for water Supply, Sewerge & Allied Works w.c.f 01.06.2020 & Amendment) | 26.59 | 03.11.2023 |

**टीप:-** 01. उपरोक्त कार्यों की निविदा की समान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला-सरगुजा (छ0ग0)





## निर्वाचन समाप्ति तक जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश रहेगा प्रतिबंधित

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,09 अक्टूबर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु 09 अक्टूबर 2023 से सरगुजा जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गयी है, कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी कर कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश के उपयोग तथा मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंधित किया है। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय परित्याग करने पर संबंधित जिला प्रमुख, कार्यालय प्रमुख, नियंत्रण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होगें।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशोर कुमार रवानी आ0 गयालाल रवानी निवासी ग्राम रेल्वे बंगलापारा जगरनाथ मंदिर के पास रायगढ़ के द्वारा ग्राम मायापुर स्थित खसरा नंबर 175/5 रकबा 0.012 हे0 भूमि को अनावेदक आशीष कुमार वर्मा आ0 गुप्तेश्वर प्रसाद वर्मा व अन्य निवासी गणेश दादा गली केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 5,00.000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20/10/2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्र से किया जाता है।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग00

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा). सूरजपुर जिला-सूरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-लक्ष्मणपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गुप्तेश्वर प्रसाद पैकरा आ0 कवलसाय, जाति कवंर, निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर, तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-लक्ष्मणपुर, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं पिलखा, तहसील लटोरी स्थित स्वयं की खाते की भूमि खसरा क्र.41/4 रकबा 0.14 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/10/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/10/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी से किया गया ।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा), सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202306260300043 /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-उँचडीह को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रीना देवी पति श्री संजय कुमार सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम उँचडीह पोस्ट, तहसील व जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके आधिपत्य एवं स्वत्व की भूमि ग्राम-उँचडीह, प.ह.नं. 03, रा.नि.मं. बसदेई तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्रमांक 304/9 रकबा 0.03 हे0 कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 10/10/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/10/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी से किया गया ।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा). सूरजपुर जिला-सूरजपुर, (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ /अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सतपता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश कुमार अग्रवाल आ0 गोविन्द राम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम शिवनंदनपुर, तहसील पिलखा जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा ग्राम-सतपता प.ह.नं. 54, रा.नि.मं पिलखा, तहसील पिलखा स्थित खाते की भूमि खसरा क्र.690/2 एवं 717/3 रकबा क्रमशः 0.10 एवं 0.010 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में ग्राम-सतपता के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 13/10/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/09/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी से किया गया ।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202309020700048**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**
**नमना कला प.ह.न. 00020243/2 (0.0370हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-ओंकारनाथ गुप्ता,**
**अनावेदक पक्षकार-अभिषेक कुमार दत्ता,**

**ईश्तहार**

आवेदक ओंकारनाथ गुप्ता आ0 स्व0 नथुनी प्रसाद गुप्ता निवासी सेमली तहसील व जिला बलरामपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 243/2 में से रकबा 0.037 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 12/12/1980 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील-(अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202310020700005**

**विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**
**फुन्दरडिहारी प.ह.न. 00016 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-अब्दुल जुनैद,**
**अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन,**

**ईश्तहार**

आवेदक अब्दुल जुनैद आ0 स्व0 अब्दुल रसीद निवासी लिंक रोड सी0एम0डी0 कॉलेज के पास, बिलासपुर तहसील बिलासपुर छ0ग0 वर्तमान निवासी बनारस चौक के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 334/87 रकबा 0.092 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/11/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील-(अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./202302020700037 /ब-121/2022-23

**आम सूचना**

एतद् द्वारा जंगी आ. गौटू, निवासी दर्रीपारा ,मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.को सूचित किया जाता है कि आवेदक तीरथ रविदास आ. रामप्रसाद व अन्य निवासी पंचदेव मंदिर मंगल पाण्डेय वार्ड क्रमांक-13 अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4860 रकबा 0.40 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश जंगी आ. गौटू का नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार करते हुये आवेदकगण का नाम सुधन चमार के उत्तराधिकारी होने से राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के अधार पर इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202302020700037/ब-121/2023-23 दर्ज कर अभिलेख सुधार हेतु प्रकरण विचाराधीन है। आवेदक पक्ष को आपका सही पता ज्ञात नही होने के कारण नोटिस तामिली नही हो पा रही है। समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/10/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर

# हॉकी इंडिया ने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के लिए
## 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की

**बेंगलुरु,09अक्टूबर 2023।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की जो 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेगी। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों में प्रदर्शित पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल होंगे। पूल बी में भारत को शीर्ष 2 में पहुंचाने और सेमी-फाइनल के लिए योग्यता सुनिश्चित करने के प्रयास में कैप्टन उत्तम सिंह को उप-कप्तान राजिंदर सिंह द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।


11 वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों में प्रदर्शित पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी

आगामी टूर्नामेंट के बारे में बोलते हुए, भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, चयन समिति ने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए एक अच्छी तरह से संतुलित टीम के साथ आने के लिए पिछले सभी टूर्नामेंटों को ध्यान में रखा है।हम उन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं और उन्हें मौका देना चाहते हैं जिनके पास प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन करने, लाइनों के बीच भेदक पास खेलने का कौशल है। यह टूर्नामेंट उन छह देशों का आकलन करने और समझने का भी अवसर है जो एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर में भाग लेंगे। विश्व कप 2023 और यह उसी जलवायु परिस्थितियों में खेला जा रहा है जिसकी हम दिसंबर में कुआलालंपुर में उम्मीद कर सकते हैं।

गोलकीपिंग विभाग मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव की विश्वसनीय जोड़ी को सौंपा जाएगा, जबकि जोहोर जाने वाले रक्षकों में अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, अमीर अली और योगेम्बर रावत हैं। इस बीच, मिडफ़ील्ड में पूवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा और अब्दुल अहद जैसे गतिशील खिलाड़ियों की उपस्थिति देखी जाएगी। फॉरवर्ड विभाग में, टीम में उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य लालगे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह और सतीश बी शामिल हैं।

कप्तान उत्तम सिंह ने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के लिए अपने इरादे पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है और जो लोग पिछली बार टीम में नहीं थे, उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है, जिससे समग्र स्तर में सुधार हुआ है।÷ टीम। 11वां सुल्तान जोहोर कप 2023 एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम अपने खिताब की रक्षा करने के लिए उत्सुक हैं।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम¬ गोलकीपर -मोहित एच एस -रणविजय सिंह यादव रक्षकों -अमनदीप लाकड़ा -रोहित -सुनील जोजो -सुखविंदर -आमिर अली -योगेम्बर रावत मिडफील्डर -विष्णुकांत सिंह -पूवन्ना सी बी -राजिंदर सिंह -अमनदीप -सुनीत लाकड़ा -अब्दुल अहद आगे -उत्तम सिंह -अरुण साहनी -आदित्य लालगे -अंगद बीर सिंह गुरजोत सिंह सतीश बी.

# पदकवीरों का हौसला बढ़ाएंगे पीएम मोदी

### मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों से आज मिलेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली,09अक्टूबर 2023।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को शाम करीब साढ़े चार बजे दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ बातचीत करने और उन्हें संबोधित करेंगे। एशियाई खेल 2022 में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। खेलों में भारत का प्रदर्शन 107 पदक जीतने के बाद पिछले सप्ताह शनिवार को समाप्त हुआ। हांग्जो में भारत की अंतिम तालिका 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य रही, जो 2018 में जकार्ता में दल द्वारा जीते गए 70 पदकों से एक लंबी छलांग है। प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम प्रधान मंत्री द्वारा एशियाई खेलों 2022 में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों को बधाई देने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। बयान के अनुसार, कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे।

इससे पहले, पीएम मोदी ने एशियाई खेलों में अब तक के सर्वाधिक 107 पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों की ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सराहना की और कहा कि खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है।

एक्स पर एक पोस्ट में, मोदी ने कहा, एशियाई खेलों में भारत के लिए क्या ऐतिहासिक उपलब्धि है! पूरा देश बहुत खुश है कि हमारे अविश्वसनीय एथलीटों ने अब तक के सबसे अधिक कुल 107 पदक जीते हैं, जो पिछले 60 वर्षों में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है।÷ उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों के अटूट दृढ़ संकल्प, निरंतर भावना और कड़ी मेहनत ने देश को गौरवान्वित किया है। मोदी ने कहा, ÷उनकी जीत ने हमें याद रखने के क्षण दिए हैं, हम सभी को प्रेरित किया है और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।÷

### टीम इंडिया की परेशानी नहीं हो रही कम

# अफगानिस्तान के खिलाफ भी शुबमन गिल का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली,09अक्टूबर 2023।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुबमन गिल का अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना भी संदिग्ध है। दरअसल, वर्ल्ड कप में लगातार दूसरा मैच भी वो डेंगू से ग्रस्त होने के कारण छोड़ सकते हैं। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, गिल अभी तक पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो पाए हैं। डेंगू होने के कारण वह मेगा इवेंट के पहले मैच में भी उपलब्ध नहीं हो सके थे, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया था।



भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक मुकाबले में हराकर अपना विजयी आगाज किया है। अस्वस्थ चल रहे शुबमन गिल को पहला मैच छोड़ना पड़ा। ऐसे में मुकाबले में उनकी जगह ईशान किशन ने रोहित शर्मा के साथ बतौर ओपनिंग जोड़ी के तौर पर खेला। हालांकि, इस दौरान उनकी कमी टीम इंडिया में खली।

एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, 11 अक्टूबर को दिल्ली में खेले जाने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भी शुबमन गिल उपलब्ध नहीं रहेंगे। स्टार ओपनर अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। दिल्ली में होने वाले मैच के लिए भारतीय टीम सोमवार दिल्ली पहुंचेगी।

वहीं एक सूत्र के मुताबिक, शुबमन अभी ठीक हो रहे हैं और वह टीम के साथ दिल्ली जाएंगे। वह टीम के साथ ही रहेंगे। आराम करने के लिए अपने घर चंडीगढ़ जाने की उनकी संभावना कम है। हमें उम्मीद है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से पहले मैदान पर वापसी करेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना उनकी अगली रिपोर्ट पर निर्भर करेगा।

# छह देश करेंगे 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी

### अर्जेंटीना समेत इन देशों को मिली जिम्मेदारी

**पेरिस,09अक्टूबर 2023।**मोरक्को, स्पेन और पुर्तगाल को 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी सौंपी गई है, जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर फुटबाल की शीर्ष संस्था फीफा ने यह पहल करने की घोषणा की है। फीफा ने यह घोषणा अचानक एक वर्ष पूर्व कर दी।

### छह देशों को सौंपा गया फीफा की मेजबानी

फीफा ने बताया कि मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी के लिए एकमात्र दावेदारी पेश की थी। विश्व कप पहली बार 1930 में उरुग्वे में खेला गया था, जिसमें मेजबान टीम ने मोंटेवीडियो में खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना को हराकर खिताब जीता था। फीफा के इस निर्णय के कारण पहली बार विश्व कप की मेजबानी का अधिकार तीन महाद्वीपों के छह देशों को सौंपा गया है। इसका अर्थ है कि ग्रूप चरण के मैच गोलार्ध के अनुसार विभिन्न मौसम में खेले जाएंगे।

### 2023 में अपने देश में मैच खेलेगी अर्जेंटीना टीम

कतर में आयोजित 2022 विश्व कप को पारंपरिक मध्यवर्षीय टूर्नामेंट से हटाकर नवंबर-दिसंबर में कराया गया था, ताकि गर्मियों के कारण खिलाड़ियों को परेशानी नहीं हो। गत विजेता अर्जेंटीना के फुटबाल संघ ने कहा कि टीम 2030 का पहला ग्रुप चरण मैच में अपने देश में अपने लोगों के बीच खेलेगी।

फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने कहा कि इस बंटी दुनिया में फुटबाल और फीफा ने सबको एकसाथ जोड़ने का काम किया है। फीफा परिषद ने एक मत होकर फीफा विश्व कप की शताब्दी को मनाने का निर्णय लिया है, जिसकी मेजबानी सर्वप्रथम उरुग्वे ने की थी।

# खालिस्तानी धमकी के बाद भारत-पाकिस्तान मैच 14 अक्टूबर को



**अहमदाबाद,09अक्टूबर 2023।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले वर्ल्ड कप के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। भारत-पाक के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मैच हमेशा से लोगों के लिए फेवरेट रहा है। इस स्टेडियम की क्षमता सवा लाख दर्शकों की है। मैच के दौरान 5 हजार पुलिसकर्मी, 150 अधिकारी तैनात होंगे। पहली बार किसी मैच के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। दरअसल कुछ दिन पहले वर्ल्ड कप के दौरान खालिस्तानी आतंकियों की ओर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हमले की धमकी दी गई है।

### पुलिस अधिकारी बोले- सावधानी के तौर पर की जा रही है सुरक्षा व्यवस्था

गुजरात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत-पाक मैच के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि यह पूरी सुरक्षा व्यवस्था किसी खतरे की वजह से नहीं, बल्कि सावधानी के तौर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि भले ही स्टेडियम की क्षमता सवा लाख है, परंतु भारत-पाक मैच के दौरान स्टेडियम और स्टेडियम के बाहर को मिलाकर करीब 15 लाख लोग रहेंगे। 20 से 25 हजार लोग स्टेडियम के आस पास होंगे। इसके अलावा व्हीआईपी और व्हीआईपीएस भी होंगे। ऐसे में सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन किसी तरह का कोई जोखिम नहीं उठा सकता है। लोग मैच का भरपूर आनंद उठा सकें, इसके लिए हम पूरी व्यवस्था कर रहे हैं।

# इंग्लैंड बांग्लादेश मैच आज

**धर्मशाला,09अक्टूबर 2023।**हिमाचल के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को बांग्लादेश व इंग्लैंड टीम के बीच वनडे वर्ल्ड कप का दूसरा मैच खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों ने सोमवार सुबह 10 बजे स्टेडियम में अभ्यास किया। इंग्लैंड की टीम इस मैच को जीतने के मकसद से धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में उतरेगी।



बता दें कि इससे पहले 5 अक्टूबर को इंग्लैंड का न्यूजीलैंड के साथ मैच हुआ था। जिसमें हार का सामना करना पड़ा था। अब उनका दूसरा मैच बांग्लादेश से है। मैच कल सुबह साढ़े 10 बजे मैच शुरू होगा।

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की पिच फास्ट पिच है। इस तरह की पिच पर विदेशी बल्लेबाजों को बल्लेबाजी करना पसंद है। इस मुकाबले में जहां तेज गेंदबाजों को पिच से मदद मिलने वाली है तो वहीं इंग्लैंड टीम के बल्लेबाज भी इस पिच पर चौके छक्के लगाते हुए नजर आएंगे।इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र के दौरान पिच का भी मुआयना किया। मैच के दौरान यह पिच किस तरह से तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी ।

# प्रो कबड्डी लीग 2023 की नीलामी की तारीख,समय तय

**नई दिल्ली,09अक्टूबर 2023।**

प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 की नीलामी मुंबई में10 अक्टूबर 2023 को होगी। नीलामी में लीग की सभी 12 टीमें 500 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जहां हर टीम के पर्स में 5 करोड़ रुपये हैं जो पीकेएल नीलामी के पर्स बैलेंस में तीन सीजन के बाद बढ़ोतरी हुई है।

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 को लेकर अच्छी खबर है कि इस बार ऑक्शन के लिए सभी टीम के पर्स को भारी किया गया है। यानी पैसा 4.4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। ये बदलाव तीन सीजन के बाद आया है।

### कब और किस समय होगी नीलामी ?

प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की बोली 10 अक्टूबर को मुंबई में रात 8.15 बजे से शुरू होगी।

### कहां देखें पीकेएल सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी ?




प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आप अपने घर पर आराम से बैठकर देख सकते हैं। लाइव स्ट्रीमिंग आप डिज्नी हॉटस्टार में देख सकते हैं। इसके अलावा आप स्टार स्पोर्ट्स-2 और स्टार स्पोर्ट्स फर्स्ट पर भी नीलामी को लाइव देख सकते हैं। इसके अलावा प्रो कबड्डी के आधिकारिक वेबसाइट पर भी आपको ऑक्शन से जुड़ी जानकारी मिलती रहेगी।

### नीलामी में हिस्सा लेने वाली टीमें

प्रो कबड्डी लीग सीज 10 के लिए नीलामी में सभी 12 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमें गुजरात जायंट्स, तेलुगु टाइटंस, बंगाल वॉरियर्स, बेंगलुरु बुल्स, यू मुंबा, तमिल थलाइवाज, यूपी योद्धा, हरियाणा स्टीलर्स, दबंग दिल्ली केसी, पटना पाइरेट्स, पुनेरी पल्टन और जयपुर पिंक पैंथर्स शामिल हैं।

# लियो के नए पोस्टर में थलपति विजय का दिखा कातिलाना अवतार

तमिल स्टार थलपति विजय की आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म लियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है क्योंकि निर्देशक लोकेश कनगराज ने फिल्म के लिए एक नया कलात्मक पोस्टर जारी किया है।

इस नए पोस्टर में थलापति को हाथों में दो बन्दूक के साथ एक जमे हुए परिदृश्य में दिखाया गया है, जबकि वह पूरा शीतकालीन गियर पहने हुए है और एक परित्यक्त औद्योगिक शहर के खंडहरों में बर्फीले परिदृश्य की पृष्ठभूमि में सिगरेट पी रहा है।

कुछ एआई के साथ पॉलिश किया गया, पोस्टर तमिल फिल्म के उच्च उत्पादन मूल्य को प्रदर्शित करने के अलावा यह भी संकेत देता है कि यह टेकन या जॉन विक के समान कुछ होने के नक्शेकदम पर चल सकता है। जैसा कि लियो को एक निर्दयी हत्यारे के रूप में दिखाया गया है जो अपने दुश्मनों पर दाएं और बाएं बंदूकें चला रहा है और किसी को भी नहीं बख्श रहा है। उसी पोस्टर के दूसरे पक्ष में दिखाया गया है कि कड़ाके की ठंड में एक जीप उसका पीछा कर रही है और लगभग विशाल धातु की जंजीरों के एक समूह को तोड़ रही है, जबकि थालापति उन पर गोली चला रहा है।



हालांकि इस बार विजय ने काले रंग की चमड़े की जैकेट और नीचे सफेद हाफ-शर्ट पहनी हुई है। उन्होंने बड़े शीतकालीन जूते के साथ काला चश्मा और काली जींस पहनी हुई है।

वारिसु अभिनेता ने पहले एक और पोस्टर का अनावरण किया था। इस बार सामने से नहीं दिखाए जाने पर, उन्हें पीछे से एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ में जलती हुई मशाल पकड़े हुए दिखाया गया था, जब वह एक आसन के ऊपर खड़े थे और एक गुस्साई भीड़ को संबोधित कर रहे थे, जैसे कि किसी तरह का क्रांति का आह्वान कर रहे हों।

पोस्टर वास्तव में विजय के चरित्र के बारे में बहुत कुछ नहीं बताते हैं, चाहे वह नायक हो या विरोधी नायक। लेकिन चूंकि फिल्म कथित तौर पर एक गैंगस्टर फीचर है, इसलिए यह मान लेना सुरक्षित है कि थलापति के लियो दास के चरित्र का अंडरवर्ल्ड से कुछ संबंध है। लियो लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित है और इसका स्कोर अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# भगवंत केसरी से अर्जुन रामपाल का आकर्षक फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी


अपने कैलेंडर में 19 अक्टूबर, 2023 को चिह्नित करें, क्योंकि नंदमुरी बालकृष्ण अभिनीत बहुप्रतीक्षित भगवंत केसरी एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म दर्शकों के बीच काफी चर्चा बटोर रही है, पहले दो गानों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। आज, प्रशंसकों को अर्जुन रामपाल का फर्स्ट-लुक पोस्टर देखने को मिला, जो इस प्रोडक्शन में अपनी तेलुगु फिल्म की शुरुआत कर रहे हैं।

आकर्षक पोस्टर में, राहुल सांघवी की भूमिका निभा रहे अर्जुन रामपाल, काले सूट में सुरुचिपूर्ण ढंग से बैठे हुए, परिष्कृत दिख रहे हैं। यह फिल्म बालकृष्ण और अर्जुन रामपाल के बीच एक महत्वपूर्ण आमना-सामना का प्रतीक है, जिससे प्रत्याशा बढ़ गई है।

थमन का संगीत इस एक्शन से भरपूर नाटक के लिए माहौल तैयार करता है, जिसका निर्माण शाइन स्क्रीन्स बैनर के तहत साहू गारपति और हरीश पेड्डी द्वारा किया गया है। विशेष रूप से, फिल्म में श्रीलीला और काजल अग्रवाल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# अब होगा दुश्मन पर वार,कंगना रनौत की तेजस का ट्रेलर रिलीज,एक्शन अवतार में दिखीं एक्ट्रेस

कंगना रनौत की फिल्म तेजस काफी दिनों से चर्चा में है। 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के मौके पर इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।बीते दिनों जब फिल्म का टीजर आया था, तो कंगना को वायुसैनिक पायलट के रूप में देखकर उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए। तब से ही उन्हें फिल्म के ट्रेलर का इंतजार था।सर्वेश मेवाड़ा की यह फिल्म 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




फिल्म में कंगना ने तेजस गिल नाम की वायुसेना की एक पायलट का किरदार निभाया है। ट्रेलर में उनका देशभक्ति से लबरेज जांबाज अंदाज नजर आ रहा है।फिल्म की कहानी पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारतीय वायुसेना के एक मिशन पर केंद्रित है। ट्रेलर में कंगना यह संदेश देती दिख रही हैं कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए हर व्यक्ति को इसे अपना निजी मामला समझना होगा।वीएफएक्स पर फिल्माए लड़ाकू विमानों की उड़ान भी नजर आ रही है।

फिल्म तेजस का नाम भारत में बनने वाले हल्के लड़ाकू विमान तेजस के नाम पर रखा गया है।फिल्म में दिखाया जाएगा कि वायुसेना के पायलट देश की रक्षा के लिए किस हद तक जाते हैं और उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।कंगना इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग भी ली है।फिल्म का निर्देशन और लेखन सर्वेश मेवाड़ा ने किया है, जबकि रॉनी स्क्रूवाला इसके निर्माता हैं।

तेजस के अलावा वायुसेना पर केंद्रित कई फिल्में देखने को मिलने वाली हैं।अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आएंगे। निर्माताओं का दावा है कि यह फिल्म भारत के पहले और सबसे घातक हवाई हमले की हमारी अनकही कहानी दिखाएगी।पिप्पा में ईशान खट्टर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पिप्पा ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित है।फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण हवा में स्टंट करते नजर आएंगे।कंगना से पहले जाह्नवी कपूर भी वायुसैनिक पायलट बन चुकी हैं।

CMYK

# आचार संहिता लगते ही एक्शन मोड पर प्रशासन!



**» चौक-चौराहे से हटवा रही सरकारी पोस्टर और होर्डिंग**

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है। सड़क व चौक चौराहे पर लगे राजनीति पोस्टरों को हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। साथ ही मंत्रियों के बंगले से पोस्टर, होर्डिंग्स, प्रचार-प्रचार वाले पोस्टर हटाए जा रहे है।

चुनावी तारीखों के ऐलान के साथ आदर्श आचार सहिंता आरम्भ हो गई है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में 7 नवंबर को मतदान होगा। तारीख सामने आते ही प्रशासन एक्टिव हो चुका है। प्रशासन ने जिला मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगे सरकारी होर्डिंग्स को निकालना शुरू कर दिया है। आज नगर पालिका के पास काफी संख्या में लगे कांग्रेस पार्टी के होर्डिंग्स को निकाला गया। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी टीम बनाकर होल्डिंग निकालने की कार्यवाही की जा रही।

**72 घंटे में हटाने होंगे होर्डिंग्स**

चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू होते ही सरकार की योजनाओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों की तस्वीर वाले विज्ञापन और होर्डिंग पर नजर है।ऐसे विज्ञापन को हटाने के लिए आयोग ने समय सीमा निर्धारित किया है।

सरकारी दफ्तरों में लगे विज्ञापनों को 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। वहीं, सार्वजनिक स्थलो पर लगे प्रचार प्रसार के संसाधनों को 48 घंटे और निजी स्थलों में लगे विज्ञापनों को 72 घंटे के भीतर हटाना होगा। प्रशासन इनकी जानकारी एकत्रित करने में जुट गया है। अधिकृत रूप से घोषणा होने से पहले प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। आचार संहिता प्रभावशील होने के के बाद सबसे पहले सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं में मंत्री विधायकों तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा जारी विज्ञापनों पर नजर जाती है। इसे हटाने के लिए आयोग ने अलग-अलग समय सीमा निर्धारित की है। इस बीच संबंधित जनप्रतिनिधियों को इसे हटाना होगा, अन्यथा आयोग का कोप झेलना पड़ सकता है। चुनाव आयोग से लेकर प्रशासन स्तर पर तैयारी जोर शोर से चल रही है। जिला प्रशासन आयोग के आदेश मिलते ही मुख्य मार्ग से लेकर गली मोहल्लों में लगे विज्ञापन और होर्डिंग कार्रवाई शुरू कर देगी।

## चुनाव की तारीखों का ऐलान,ट्रांसफर पर लगी रोक




छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनावी की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राज्यों में आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसके साथ ही अब चुनाव प्रक्रिया से प्रे त्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी अधिकारियों के ट्रांसफर पर रोक लगा दी गई है। 7 नवंबर को पहले चरणों पर 20 सीटों पर मतदान होगी। वहीं दूसरे चरणों पर 17 नवंबर को 70 सीटों पर मतदान होगा।

पहले चरण के मतदान में बस्तर की सभी 12 सीट तो वहीं राजनांदगांव, खैरागढ़ और मोहला मानपुर जिले की -6 और कवर्धा जिले की 2 सीटों मतदान होगा।



## रणभेरी बजते ही नेताओं की सियासी ललकार

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव मतदाता, मतदान, मतगणना और आदर्श आचार संहिता का एलान भी हो गया है। चुनावी रणभेरी बजते ही बीजेपी और कांग्रेस लीडर्स सियासी दावों व ललकार चर्चा में हैं। जीत और हार का पता तो 3 दिसंबर को होगा, लेकिन नेताओं के ट्वीट और सोशल मिडिया में बयान से लग रहा है उनकी जीत तय है




5 राज्यों के चुनावों की घोषणा के साथ भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश,राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ जनता के पास जाएगी। जन-कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विकास ही कांग्रेस पार्टी की गारन्टी है।

**मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष एआईसीसी



हैं तैयार हम शुरू हो चुका है युद्ध माटी के अभिमान का नहीं रूकेगा अब ये रथ छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान का नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने के संकल्प के साथ हर एक छत्तीसगढ़िया तैयार है, एक बार फिर भरोसे के हाथ जुड़ेंगे। भरोसा बरकरार, फिर से कांग्रेस सरकार।

**भूपेश बघेल,** मुख्यमंत्री छग. शासन



बिगुल बज चुका है एक नए समर का प्रगति का यह रथ निरंतर चलता रहे, परस्पर विश्वास का 5 सालों का सिलसिला जारी रहे, प्रदेश के बढ़ते गौरव का यह अश्वमेध रुकने न पाए यही संकल्प है।छत्तीसगढ़ है तैयार, एक बार फिर, कांग्रेस की, भरोसे की सरकार !

**टीएस सिंहदेव,** उप-मुख्यमंत्री छग. शासन



दाऊ ने जिस प्रकार आदिवासी साथियों का शोषण किया है उसे देखते हुए आदिवासी अंचलों में कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है।आदिवासी साथी भाजपा के साथ हैं क्योंकि पिछले 15 साल भाजपा की सरकार ने आदिवासी भाइयों-बहनों के हित में कार्य किया है और निश्चित ही इस बार आदिवासी साथी कांग्रेस के कुशासन को समाप्त करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**डॉ रमन सिंह,** पूर्व मुख्यमंत्री छग.

## छत्तीसगढ़ में बसपा-गोंगपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद बसपा सुप्रीमों मायावती का बड़ा बयान सामने आया है। बसपा प्रमुख ने साफ कर दिया कि वह विधानसभा चुनाव में किस पार्टी के साथ गठबंधन करेंगी। बसपा सुप्रीमों मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा बीएसपी मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य में गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी के साथ चुनावी समझौता करने के अलावा, मिज़ोरम को छोड़कर, राजस्थान व तेलंगाना इन दोनों राज्य में अकेले ही बिना किसी से कोई समझौता किए हुए



चुनाव लड़ रही है और इन राज्यों में अच्छे रिज़ल्ट की उम्मीद करती है।

वहीं मायावती ने आगे लिखा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ व मिज़ोरम विधानसभा आमचुनाव अगले महीने कराने की घोषणा का स्वागत, किन्तु चुनाव आयोग के लिए असली चुनौती सरकारी मशीनरी व धनबल आदि के दुरुपयोग को रोककर चुनाव को पूरी तरह स्वतंत्र व निष्पक्ष कराने की है, जिस पर लोकतंत्र का भविष्य निर्भर। पूर्व सीएम मायावती ने पोस्ट कर लिखा- साथ ही, ख़ासकर सत्ताधारी पार्टी द्वारा चुनाव को गलत दिशा में प्रभावित करने के लिए लुभावने वादे व हवाहवाई घोषणाओं आदि पर अंकुश लगना ज़रूरी, जिसको लेकर मा. सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस भी जारी किया है।

# फोर्स की 35 कंपनी पहुंची,135 और आएंगी

**» पहले 20 फिर 70 सीटों में वोटिंग**

**» नक्सल प्रभावित इलाकों में 7 और मैदानी क्षेत्र में 17 नवम्बर को मतदान**



**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के चुनाव में 20 सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होगा।जबकि बाकी बची 70 सीटों पर शुक्रवार 17 नवंबर 2023 को मतदान किया जाएगा। 3 दिसंबर को पांच राज्यों की 679 सीटों की मतगणना होगी। चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए छत्तीसगढ़ में पहले ही 35 कंपनी पहुँच गई है।

जल्द ही 135 और रिज़र्व फ़ोर्स चुनाव के लिए आएगी। इसमें एसएफ, सीआरपीएफ बीएसएफ, सीआईएसएफ और एसएफ के सुरक्षा अधिकारी और जवान आएंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का कार्यकाल 3 जनवरी 2024 को खत्म होगा।

31 अक्टूबर तक पार्टियों को चंदे की जानकारी देनी होगी। तभी इनकम टैक्स में छूट मिलेगी। बुजुर्ग लोगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। 5 राज्यों में 940 चेकपोस्ट बनाए जाएंगे। इन्हें राज्य पुलिस और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां संभालेंगी।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार और चुनाव आयोग ने सभी 5 राज्यों का दौरा किया और सभी राज्यों की राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की। इसके अलावा सरकारी एजेंसियों, राज्य सरकारों के साथ बैठकें कीं। हमने राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की। उनके सुझाव और फीडबैक लिए।

## सीएम सहित मंत्रियों और संसदीय सचिवों के कारों की वापसी का सिलसिला शुरू

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** भारत निर्वाचन आयोन ने पांच राज्यों चुनाव की अधिसूचना जारी करते छत्तीसगढ़ में भी प्रभावशील हो गया है। अब सीएम भूपेश सहित 12 मंत्रियोंऔर 15 संसदीय सचिवों को जो वाहन सरकारी कामकाज के लिए दिए.गए थे वो अब वापस स्टेट गैरेज में पहुंच जाएंगे। नई सरकार के गठन तक ये स्टेट गैरेज में ही रहेंगे। सरकार गठन होने के साथ नई सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पुनः अवंटित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज के अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि लक्जरी कारों में फार्च्यूनर, इनोवा, सफारी कारें है।



आचार संहिता लगने के बाद गाड़ियों की वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। अग्रवाल ने बताया कि 55 दिनों तक इन गाडियों का रख-रखाव और मेंटनेंस स्टेट गैरेज में होगा। चुनाव परिणाम के बाद नई सरकार के गठन तक सभी कारें अपडेट रहेगी।

## एक और एक्ट्रेस, मनीषा रानी से होगी पूछताछ

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप में एक एक करके फिल्मी हस्तियों के नाम सामने आ रहे हैं। इसमें कई सुपरहिट



एक्टर हैं कुछ यूट्यूबर के नाम सामने आ चुके हैं। अब इस फिहरिस्त में एक और नाम शामिल हो गया है, जो हाल ही में बिग बॉस से बेहद सुर्खियां बटोरी हैं। यह नाम मनीषा रानी का है, ईडी ने एक पार्टी की भी छान बीन की है, जिसमें मनीषा का नाम भी है । ऑन लाइन सट्टा में ईडी द्वारा मामले में पूछताछ के लिए रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, हुमा कुरेशी, हिना खान और कॉमेडियन कपिल शर्मा जैसे बॉलीवुड ए-लिस्टर्स को बुलाए जाने के बाद भी और लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसमें बिग बॉस ओटीटी 2 की मनीषा रानी भी शामिल हैं।

खबर है की शादी के अलावा भी ईडी को एक पार्टी के बारे में पता चला।पार्टी इसी साल अप्रैल 2023 में थाईलैंड के फुकेट शहर में आयोजित की गई थी। ये पार्टी आईपीएल 2023 की ग्रैंड ओपनिंग के लिए रखी गई थी। इस पार्टी में तकरीबन 50 से ज्यादा सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर शामिल हुए जिसमें बिग बॉस ओटीटी 2 फेम मनीषा रानी भी शामिल थी। बता दें कि महादेव बुक नाम का ऐप लोगों को पैसे का लालच देकर यूजर बनवाती थी। इससे जुड़ने वाले पहले ज्यादातर लोग छत्तीसगढ़ के ही थे। कुछ महीने में ही इससे 12 लाख लोग जुड़ गए। इस ऐप के इस्तेमाल के लिए लोग अलग से अकाउंट तक खुलवाते थे। आईपीएल के दौरान इस ऐप से खूब सट्टेबाजी होती थी।

## चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण शुरू




**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** चुनाव होने में अभी एक से डेढ़ महीना बाकी है। चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण करने का काम शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में रायपुर में अब तक 80 के करीब वाहनों का अधिग्रहण कर बाहर से आने वाली फोर्स को अलग-अलग जगह भेजने का कार्य किया गया है। वाहनों के अधिग्रहण करने की पुष्टि एएसपी सिटी लखन पटले ने भी की है। पुलिस रक्षित केंद्र के परिवहन शाखा के अफसरों के मुताबिक जरूरत के हिसाब से अभी वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। सुरक्षा फोर्स की अलग-अलग 20 कंपनियां यहां पहुंच चुकी हैं। उन कंपनियों को उनकी निर्धारित जगहों पर भेजने के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। अफसरों के मुताबिक चुनाव आचार संहिता लगने के बाद बड़े पैमाने पर सुरक्षा कंपनियों की आमद होगी। इसके बाद वाहन अधिग्रहण करने के काम में तेजी आएगी।

गौरतलब है, छत्तीसगढ़ की गिनती नक्सल प्रभावित राज्य के रूप में होती है। इस लिहाज से चुनाव के समय संवेदनशील इलाकों में चुनाव के पूर्व सुरक्षाबलों की तैनाती की जाती है। बाहर से आने वाली ज्यादातर फोर्स रायपुर के रास्ते ही अपने गंतव्य की ओर रवाना होती है। इस स्थिति में बाहर से आने वाले जवानों को उनके गंतव्य की ओर भेजने के लिए वाहनों का अधिग्रहण समय से पूर्व किया जाता है।

## भाजपा ने तीन सांसदों और पूर्व सीएम,मंत्रियों को उतारा मैदान में

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अपनी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। जिसमें कुल 64 विधानसभा के प्रत्याशियों का नाम शामिल है। भाजपा ने 15 पूर्व मंत्री और तीन सांसद को टिकट दिया गया है। इस सूची से पहले भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की घोषणा की थी। अब तक 85 सीटों पर उम्मीद्वारों के नाम घोषित हो गए हैं। पांच पर नाम जारी करना बाकी है।



भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इस बार पार्टी ने 64 सीटों के नामों की घोषणा की है। इससे पहले भाजपा ने 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। आज जारी सूची में पूर्व मंत्री व मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहिले, धमतरी विधायक रंजना साहू व दयालदास बघेल को मौका दिया गया है। बिरनपुर हिंसा में मारे गए युवक भुवनेश्वर साहू के पिता ईश्वर साहू को मौका दिया गया है। सूची में कुछ दिनों पहले वायरल सूची में शामिल ज्यादातर नाम है।

भाजपा की ओर से जारी सूची के मुताबिक इस बार पार्टी ने सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। सरगुजा से सांसद व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर सोनहत से चुनावी मैदान में उतारा गया है। वहीं गोमती साय को पत्थल गांव से मौका दिया गया है। इसके अलावा अरूण साव लोरमी विधानसभा से मैदान पर होंगे।



## पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम को भी बीजेपी ने दी टिकट

**रायपुर,09अक्टूबर 2023(ए)।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। भाजपा ने कटघोरा से प्रेमचंद पटेल जबकि रायगढ़ से पूर्व आईएएस ओपी चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह भाजपा ने जनता कंग्रेस के बागी नेता धर्मजीत सिंह को तखतपुर से टिकट दिया है। सबसे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। यह एक बार फिर से जोगी परिवार को जूदेव की चुनौती मिलने जा रही है। यहाँ भाजपा ने प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को टिकट दिया है तो वही यहाँ से जनता कांग्रेस की रेणु जोगी के ताल ठोंकने की पूरी संभावना है।

बात करें भाजपा के दूसरी सूची की तो भाजपा ने इस लिस्ट में करीब 13 फ़ीसदी महिलाओं को टिकट दिया है। भाजपा ने इस बार महिलाओं को भी भरपूर मौका दिया है, जिनमे केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह का भी नाम है। भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दिया है। भाजपा ने इस सूची में अब भी पांच सीटों में नामों का ऐलान नही किया है। जिन सीटों पर नाम नहीं आ पाए है उनमें बेलतरा, बेलतरा, अंबिकापुर, पंडरिया और कसडोल शामिल है। भाजपा ने इस बार दो पूर्व आईएएस अफसरों को भी टिकट दिया है। इनमे रायगढ़ सीट से ओपी चौधरी तो केशकाल से नीलकंठ टेकाम को मौक़ा दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगते ही लागू होंगे ये सख्त नियम

**रायपुर,09अक्टूबर 2023 (ए)।** रायपुर। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का आज ऐलान होगा. चुनाव आयोग इसे लेकर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा. सूत्रों के मुताबिक, नवंबर दूसरे हफ्ते से दिसंबर के पहले हफ्ते तक अलग-अलग तारीखों और चरणों में इन राज्यों में मतदान हो सकता है. पिछली बार की तरह राजस्थान, मध्य प्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव कराए जाने की संभावना है. वहीं, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान कराया जा सकता है. हालांकि, मतदान की तारीख अलग-अलग होने की उम्मीद है.

लेकिन सभी चुनावी राज्यों की मतगणना एक साथ कराने का निर्णय लिया जा सकता है. चुनाव प्रक्रिया से प्रे त्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी अधिकारियों के ट्रांसफर पर रोक रहती है। यदि किसी अधिकारी का ट्रांसफर जरूरी हो तो इसके लिए चुनाव आयोग की अनुमति लेना अनिवार्य होता है.




मंत्री अपने आधिकारिक दौरे को चुनाव प्रचार कार्य में शामिल नहीं कर सकेंगे और न चुनाव प्रचार कार्य में सरकारी तंत्र का प्रयोग करेंगे।

किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग किसी भी दल के उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए उपयोग नहीं होता। कोई भी केन्द्र या राज्य सरकार का मंत्री आधिकारिक चर्चा के लिए निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी को नहीं बुला सकेगा। किसी भी मंत्री को चुनाव के दौरान निजी या आधिकारिक दौरे पर पायलट कार या किसी रंग की बीकन लाइट के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। चुनाव के दौरान योजना के तहत निधि एमपी-एमएलए फंड से जारी नहीं होगी। सरकारी राशि का इस्तेमाल किसी विशेष राजनीतिक दल या उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए नहीं किया जाता। सरकारी विमान या सरकारी बंगले का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता। सरकारी घोषणा, लोकार्पण और शिलान्यास पर रोक लग जाती है। कोई भी नेता चुनावी रैली में धर्म या जाति के नाम पर वोट नहीं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)